सोमवार
16 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पीएम की जाति का सर्टिफिकेट न दे जदयू, यह भारत सरकार देती है: अरविंद

2



### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की सूची, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले...

# विस चुनाव के लिए घोटालेबाजों का समर्थन करने वालों को दिया टिकट

- बोले अरुण साव... यह चुनाव छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने वाले और उसे बचाने वालों के बीच एक युद्ध
- नवरात्र के पहले दिन सूची जारी कर स्वयं को सनातन प्रेमी बताने वालों का कृत्य देख रही है जनता



**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सत्ताधारी दल कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के बाद मुख्य विपक्षी दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा है कि घोटालेबाजों का समर्थन करने वालों को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने रविवार को 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। कांग्रेस ने सीएम भूपेश बघेल, उनके मंत्रिमंडल के 12 सदस्यों और विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत समेत 22 मौजूदा विधायकों को फिर से टिकट दिया है। वहीं, आठ मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस की सूची को लेकर कहा है कि कांग्रेस को आठ विधायकों की टिकट काटनी पड़ी है। यह बताता है कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जनता के लिए कुछ भी नहीं किया है और उसका ठिकरा विधायकों पर फोड़ने का काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वालों को टिकट देकर कांग्रेस ने बता दिया है कि वे भ्रष्टाचार आगे भी करना चाहेंगे। जनता तो इंतजार कर रही थी कि इन्हीं लोगों को टिकट मिले ताकि जनता उन्हें सबक सिखाए। साव ने कहा कि यह चुनाव एक साधारण चुनाव नहीं, छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने वाले और छत्तीसगढ़ को बचाने वाले लोगों के बीच एक युद्ध है।

**हिंदू समाज की भावना को पहुंचाई जा रही ठेस: साव**

साव ने कहा कि अपने प्रत्याशियों की घोषणा नवरात्र के पहले दिन कर अपने आप को सनातन प्रेमी बताने वालों के कृत्य जनता देख रही है। भिलाई दुर्ग में पार्वती माता की मूर्ति के साथ अभद्रता की गई, कवर्धा से शनिवार को तीन शिवलिंग गायब हो गए और राज्य में नवरात्र के पर्व को मनाने को लेकर विभिन्न पाबंदियां लगा दी गई हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस राज में छत्तीसगढ़ में अब लगातार हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है और सनातन का अपमान किया जा रहा है। आज नवरात्र के पर्व पर जब माता रानी ने राक्षसी प्रवृत्तियों का नाश किया था, तब संकल्प लेते हैं कि सनातन विरोधी लोगों का छत्तीसगढ़ से सफाया जल्द होगा। भूपेश, अकबर (मंत्री) और ढेबर (रायपुर के महापौर) की सरकार जाएगी। 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

## भूपेश बघेल के नेतृत्व में पांच साल पूरा करने वाली पहली कांग्रेस सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पहली ऐसी कांग्रेस सरकार है, जिसने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया है। इस सरकार का कार्यकाल भले पूरा हो गया हो, मगर चुनौतियां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने अब भी कम नहीं हुई हैं। एक तरफ जहां उनके सामने विरोधी दल भाजपा चुनौती बनकर खड़ा है तो दूसरी ओर कांग्रेस के भीतर से भी उन्हें चुनौतियां मिल रही हैं। समाचार एजेंसियों के मुताबिक, राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की अभी पहली सूची आई है, जिसमें 30 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। बाकी सीटों पर अभी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होना बाकी है।

कांग्रेस के भीतर दावेदारों में बैचेनी है, तो वहीं भाजपा लगातार बघेल पर हमलावर है। मतांतर से लेकर हिंदुत्व ऐसे मुद्दे हैं जिनके जरिए बीजेपी भूपेश बघेल को घेरने की कोशिश में जुटी है। वहीं कांग्रेस के अंदर भी बघेल के खिलाफ आवाज उठ रही है। ये वो लोग हैं जिनको अपना टिकट कटने का डर सता रहा है। राज्य में बीजेपी ने भूपेश बघेल पर कई आरोप लगाए है, शराब घोटाला, रेत घोटाला, कोयला घोटाला, गोबर खरीदी और गोठान योजना में बड़े पैमाने पर घोटाले होने के आरोप लगाए हैं। साथ ही आदिवासी इलाकों में बीजेपी हिंदुत्व और मतांतर को बड़ा मुद्दा बनाकर चल रही है।

**भाजपा ने हिंदुत्व, मतांतरण और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा :** बीजेपी ने हिंदुत्व, मतांतरण और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर भूपेश बघेल सरकार पर हमले बोले हैं और उनकी हिंदू विरोधी छवि बनाने की कोशिश की है। वहीं, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में घोटाले किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ये ऐसे मामले हैं जो कांग्रेस और भूपेश बघेल के लिए चुनौती बने हुए हैं। साथ ही, केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से की गई कार्रवाई भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाली है।

# टीम इंडिया की जीत पर 'मोहब्बत की दुकान' ने नहीं दी बधाई

- असम के सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर विपक्ष पर कसा तंज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम शनिवार को विश्वकप के मैच में भारत ने एकतरफा मुकाबले में भारत को हराया था। भारत की जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेताओं ने टीम इंडिया को बधाई दी। इसे लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने भारत की जीत का जश्न मनाया, लेकिन एक भी विपक्षी नेता ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई नहीं दी।

असम के सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारत ने विश्व कप क्रिकेट में पाकिस्तान को हराया। भारत की इस जीत पर पूरा देश खुशी से झूम उठा और जश्न मनाया, लेकिन 'मोहब्बत की दुकान' की तरफ से एक शब्द भी नहीं निकला। टीम इंडिया की जीत पर शनिवार को पीएम मोदी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारतीय टीम ने सर्वांगीण उत्कृष्टता के दम पर अहमदाबाद में एक शानदार जीत हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने टीम इंडिया को आगे के मैच के लिए बधाई दी।

स्टेडियम में मौजूद थे गृह मंत्री : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारत-पाकिस्तान का मैच देखने के लिए स्टेडियम में पहुंचे थे। उन्होंने भी भारतीय टीम को इस जीत की बधाई दी. इसके अलावा गुजरात के सीएम भूपेंद्र पेटल, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत कई नेताओं ने भारतीय टीम को बधाई दी। इस मैच में पाकिस्तान खिलाड़ियों के आगे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की तरफ से जय श्री राम के नारे लगाए, जिसे लेकर भी राजनीति तेज हो गई है।



## पाक खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान भीड़ ने जय श्री राम के नारे लगाए। तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के मंत्री और डीएमके के वरिष्ठ नेता उदयनिधि स्टालिन ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है। डीएमके नेता ने उदयनिधि ने मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आउट होने पर वहां मौजूद क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ की ओर से शोर मचाने और जय श्री राम के नारे लगाने का जिक्र किया। एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि भारत अपनी खेल भावना और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य है। खेल को देशों के बीच एकजुट करने वाली शक्ति बनना चाहिए और सच्चे भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। नफरत फैलाने के लिए इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना सही नहीं है। वहीं, कई क्रिकेट प्रशंसकों ने अगले दस दिनों में चेपॉक में खेलने वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम को प्यार और सम्मान देने का आह्वान किया।

# पैनिक बटन: सुरक्षित होगा बेटियों का सफर

- योगी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को देगी पैनिक बटन की ताकत

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में योगी सरकार की ओर से महिलाओं, बेटियों और बुजुर्गों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों, ओला-ऊबर में सीसीटीवी कैमरे संग पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग की ओर से सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट किया जा रहा है। इससे यात्रा के दौरान कोई अनहोनी होने पर यात्री पैनिक बटन दबाकर यूपी-112 से मदद मांग सकता है। वहीं सिगनल मिलने पर यूपी-112 की टीम एक्टिव हो जाएगी और तत्काल मदद पहुंचाएगी। इतना ही नहीं सीसीटीवी के जरिये यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का सुखद अहसास होगा।




परिवहन विभाग की ओर से सिटी बसों के सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन को लगाने के साथ यूपी-112 से इंटीग्रेट करने के लिए क्रिसिल कंपनी द्वारा टेस्टिंग का काम किया जा रहा है। जल्द ही सीसीटीवी कैमरों और पैनिक बटन को यूपी-112 से इंटीग्रेट कर दिया जाएगा। वहीं परिवहन विभाग की ओर से ऊबर के साथ इंटीग्रेशन के टेस्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है। परिवहन विभाग और ऊबर की ओर से सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाने को लेकर एक एमओयू तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी और पैनिक बटन के लिए 9.912 लाख की धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही ऊबर में सीसीटीवी और पैनिक बटन लगाने के साथ इंटीग्रेशन की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उधर, ओला के साथ इंटीग्रेशन को लेकर एक कंपनी से दोबारा संशोधित फेसियल रिकॉग्नाइजेशन साफ्टवेयर एवं टेक्नो कामर्शियल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सेफ सिटी परियोजना के तहत यूपी-112 की ओर से प्रदेश में बेटियों से छेड़छाड़ एवं संवेदनशील 1861 हॉट स्पॉट को चिन्हित किया गया है।

## नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही विशेष कार्य में सिद्धि पाने हेतु व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक मत है कि मां की पूजा-उपासना करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है। अतः साधक विधि विधान से नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हैं। अगर आप भी मां ब्रह्मचारिणी की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो इस विधि से मां की पूजा-उपासना करें। मां ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में कमंडल है। मां की पूजा-उपासना करने से विद्या की प्राप्ति होती है। अतः मां ब्रह्मचारिणी को विद्या की देवी भी कहा जाता है।



## राजस्थान चुनाव : आप आज जारी करेगी 30 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

विधानसभा चुनाव की तारीख के एलान के बाद राजस्थान में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा राजस्थान में 41 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर चुकी है, जबकि सोमवार को आम आदमी पार्टी 30 उम्मीदवारों के नामों का एलान करेगी। इसके लिए दिल्ली में सारी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। सभी उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो गए हैं। पहली लिस्ट में उन उम्मीवारों को जगह दी गई है, जो पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं और पिछले कई सालों से राजस्थान की राजनीति में सक्रिय है।

आम आदमी पार्टी की चुनाव समिति द्वारा 30 से 35 नाम दिल्ली में फाइनल कर लिए गये हैं। इसके लिए दिल्ली नेतृत्व ने आप के प्रदेश नेताओं से बातचीत भी की है। राजस्थान में आम आदमी पार्टी के प्रभारी विनय मिश्रा पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। इस दौरान राजस्थान के कई चर्चित सियासी दिग्गजों के आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने की संभावना है। आम आदमी पार्टी में उम्मीदवारों के नामों के लेकर काफी दिनों से विचार विमर्श और रस्साकशी चल रही है, ऐसे में अब उम्मीदवारों के नाम पर फैसला हो गया है। आप के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल का कहना है कि 16 अक्टूबर एक लिस्ट आ जाएगी। हालांकि, नवीन पालीवाल ने यह नहीं बताया कि किस सीट के लिए के लिए कौन से उम्मीदवार होंगे। वह सिर्फ 30 से 35 सीटों पर नाम फाइनल होने की बात कर रहे हैं।

## अमेरिका के खिलाफ चीन की रुस संग बढ़ी नजदीकी

**एजेंसी/नई दिल्ली**


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की इस हफ्ते मुलाकात होने वाली है। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात चीन में होगी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, माना जा रहा है कि इस मुलाकात मकसद अमेरिका के खिलाफ रूस-चीन की साझेदारी को मजबूत करना है। पुतिन का चीन दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब इस बात की जानकारी सामने आई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच साल के आखिर में मुलाकात हो सकती है।

दरअसल, पुतिन बीजिंग में 17-18 अक्टूबर को हो रहे बेल्ट एंड रोड फॉरम में हिस्सा लेने जा रहे हैं। इस साल मार्च के महीने में यूक्रेन से बच्चों के निर्वासन पर हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ वारंट जारी किया। इसके बाद उन्होंने कई विदेशी मंचों पर शिरकत नहीं की। वहीं, इस वारंट के जारी होने के बाद रूस के बाहर उनकी ये पहली यात्रा होगी। भारत के 'दोस्त' पुतिन की जिनपिंग से मुलाकात अहम होने वाली है। भारत की भी इस पर नजर होगी, ताकि चीन की चालों को समझा जा सके।

**रॉयटर्स की रिपोर्ट**



चीन और रूस ने फरवरी 2022 में 'नो लिमिट' साझेदारी का ऐलान किया। इसके कुछ दिन बाद ही पुतिन ने यूक्रेन पर हमले का आदेश दिया। इस तरह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ी जंग की शुरूआत हुई। अमेरिका चीन को अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देखता है। साथ ही रूस को वह अपने देश के लिए सबसे बड़ा खतरा मानता है। चीन और रूस को भी ये बात मालूम है। यही वजह है कि दोनों ने अपनी साझेदारी को मजबूत करने का फैसला किया है, ताकि अमेरिका के खिलाफ खड़ा हुआ जा सके। पुतिन और जिनपिंग की मुलाकात के दौरान भी रिश्तों को मजबूत करना ही प्रमुख मकसद होगा।




### प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए करीब 8.5 करोड़ रुपए खर्च करेगी योगी सरकार

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 16 स्कूलों को किया जाएगा अपग्रेड

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों एवं बहुउद्देशीय हब के करीब अवस्थित विद्यालयों को अपग्रेड करने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत बहुउद्देशीय हब के करीब स्थित विद्यालयों के साथ ही इंडो-नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्गों पर स्थित विद्यालयों को भी अपग्रेड किया जाएगा।

इस तरह के कुल 16 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है, जिसे सीएम योगी की मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के कई प्रस्तावों के लिए तैयार की गई कार्ययोजना को देखने के बाद अपनी सहमति दी है। इस प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से करीब 8.5 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव है। इसी बैठक में सीएम योगी ने 57 जनपदों में अत्याधुनिक सुविधायुक्त मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की शुरूआत करने के निर्देश दिए थे।



**इन स्कूलों के छात्रों को मिलेंगी स्मार्ट फैसिलिटीज**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष रखे गए इस प्रस्ताव के तहत अंतर्राज्यीय मार्ग पर कुल 9 विद्यालयों को अपग्रेड किए जाने की योजना है। इस पर 3.71 करोड़ रुपए के खर्च की संभावना जताई गई है। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मार्ग (इंडो-नेपाल बॉर्डर) पर स्थित 7 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इस पर सरकार 4.73 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इन विद्यालयों को इस तरह अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें छात्रों को स्मार्ट तरीके से शैक्षिक सामग्री प्राप्त हो सके। इन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, मॉड्यूलर साइंस लैब, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग लैब्स, वाईफाई इनेबल्ड कैंपस जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी तैनात किया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के आवर्तक बजट से इसकी व्यवस्था की जाएगी।

## डीएम की देखरेख में होगा निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत प्रस्तावों में कार्ययोजना का भी ब्यौरा है जिसमे क्रियान्वयन प्रक्रिया का जिक्र करते हुए बताया गया है की इस पूरे प्रोजेक्ट में जिलाधिकारी की प्रमुख भूमिका होगी। प्रस्ताव के अनुसार, जिन जनपदों में ऐसे विद्यालयों को अपग्रेड किया जाएगा, वहां जिलाधिकारी की अध्यक्षता में इस योजना का क्रियान्वयन संपन्न होगा एवं जिलाधिकारी इसकी निगरानी भी करेंगे। निर्माण कार्यों के लिए जिलाधिकारी द्वारा शासकीय संस्थाओं का चयन और निगरानी की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता की कमेटी द्वारा जेम पोर्टल से कंप्यूटर, फर्नीचर आदि उपकरणों की खरीद की जाएगी।

## जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार के बयान पर भाजपा का पलटवार, बोले बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता

# प्रधानमंत्री मोदी जी की जाति का सर्टिफिकेट न दे जदयू, यह भारत सरकार देती है : अरविंद कुमार

**केटी न्यूज/पटना**



जदयू एमएलसी सह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने शनिवा को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की जाति पर सवाल उठाए हैं। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि पीएम मोदी अपनी जाति छिपाना चाहते हैं, इसलिए देश में जातीय गणना नहीं करा रहे हैं। इस मुद्दे पर बीजेपी प्रवक्ता अरविंद कुमार ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जदयू प्रधानमंत्री मोदी की जाति का सर्टिफिकेट न दे। यह भारत सरकार देती है। भाजपा प्रवक्ता अरविंद कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने किसी जाति को ओबीसी में शामिल कर लिया तो जदयू उसको हटा नहीं सकता। मोध घांची जाति ओबीसी में शामिल है। यह भारत सरकार द्वारा किया गया है। पीएम मोदी की एक ही जाति है वह मानव और भारतीयता है। नीतीश और लालू तो जातियों को खंडित करने वाले लोग हैं। पीएम मोदी मानवता की सेवा करने वाले लोग हैं। दरअसल शनिवार को जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि पीएम मोदी ने साल 2019 में उत्तर प्रदेश में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खुद को अति पिछड़ा कहा था। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि गुजरात में मोदी कोई जाति नहीं है, बल्कि उपनाम है।

जदयू प्रवक्ता नीरज ने कहा है कि नरेंद्र मोदी जिस जाति में पैदा हुए हैं उस जाति का नाम मोध घांची है। साल 2002 में नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने मोध घांची जाति को ओबीसी में शामिल किया था। भाजपा उस अधिसूचना की प्रति जारी करे जिसमें मोध घांची को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया था। जब 1931 की जनगणना में मोध घांची समुदाय में शिक्षा का स्तर 40 फीसद था तब उसे किस आधार पर ओबीसी में शामिल किया गया? जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इसी डर से जातीय आधारित गणना कराने में अनिच्छुक है। पीएम मोदी की ओबीसी स्थिति के बारे में झूठ उजागर हो जाएगा। पीएम मोदी वोट के सौदागर हैं। वे अपनी जाति छिपाना चाहते हैं इसलिए देश में जातीय जनगणना नहीं कराना चाहते हैं।

### पीएम पर टिप्पणी कर जदयू ने अपना वीभत्स चेहरा दिखाया

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने रविवार कहा है कि बिहार की महागठबंधन सरकार पूरी तरह विफल हो गई है और विफलता को छुपाने के लिए जाति के नाम पर अनाप-शनाप बयानबाजी दिला रही है। देश के संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति पर जाति के नाम पर टिप्पणी कर जेडीयू ने अपना वीभत्स चेहरा उजागर कर दिया है। विकास, नई सोच, आधुनिकता और ज्ञान-विज्ञान की बात करने वाले बिहार के इंजीनियर मुख्यमंत्री ने अपने दल से प्रधानमंत्री की जाति पर आक्षेप कराकर यह सिद्ध कर दिया है कि ये जातिवादी सोच और सिद्धांत को ही मानते हैं।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ सबका विकास' के सिद्धांत पर चलते हैं। उनके लिए सबसे बड़ी जाति देश का गरीब है जिनके उत्थान के लिए दिन रात परिश्रम करते हैं। 2020 के चुनाव परिणाम में 45 सीट मिलने पर भी पीएम के निर्देश पर बीजेपी ने नीतीश कुमार को अपने कंधों पर बैठाकर राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। जेडीयू के द्वारा ललन सिंह और नीरज कुमार स पीएम पर टिप्पणी कराई जा रही है जो एक ही समाज से आते हैं। मुख्यमंत्री इनका उपयोग प्रधानमंत्री को अपमानित कराने के लिए कर रहे हैं। ये दोनों जेडीयू का लठैत के रूप में फल फूल रहें हैं।

# जनता दल यूनाइटेड भैंस है तो राजद पानी: उपेंद्र कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**



राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने जेडीयू और आरजेडी पर निशाना साधा है। उन्होंने जेडीयू में कुशवाहा समाज से आने वाले नेताओं को भी इशारों ही इशारों में टारगेट कर बड़ी बात कह दी है। उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसके जरिए कुशवाहा ने जेडीयू को भैंस और आरजेडी को पानी बताया है।

आरएलजेडी नेता उपेंद्र कुशवाहा ने 'एक्स' पर लिखा कि बिहार विधान परिषद की सदस्यता से मेरे इस्तीफा के कारण रिक्त पद पर नए मनोनयन के बाद जेडीयू के मेरे उन मित्रों का भ्रम टूट ही गया होगा, जिनको गलतफहमी हो रही थी कि उपेंद्र कुशवाहा के कारण उनकी हकमारी हो गई या हो रही थी। अब क्या हुआ? अब तो उपेंद्र कुशवाहा आपके रास्ते में बाधक नहीं था। फिर कहां अटक गए? आप तो हाथ पसारे रह गए...! आगे लिखा कि अरे भाई, अब तो पूरी भैंसिए (जेडीयू) गइल पानी (आरजेडी) में। किनारे बैठ कर पानी छप-छपाते रहिए। आपकी मर्जी। यदि आपकी आंखें अभी भी नहीं खुल रही हैं तो भगवान भला करें। इस कटाक्ष के बाद आरएलजेडी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने जाते-जाते एक शायरी भी लिखी है कि न समझोगे तो मिट जाओगे, ऐ मेरे मित्रों। तेरी दास्तां तक न होगी दास्तानों में। दरअसल, जेडीयू ने मिथिलांचल में ब्राह्मणों को साधने के लिए राजवर्धन आजाद को राज्यपाल कोटे से एमएलसी बनाया है। ये सीट उपेंद्र कुशवाहा के इसी साल जेडीयू छोड़ने के बाद खाली हुई थी।

# नीतीश पर उम्र का असर हो गया है: पीके

**केटी न्यूज/पटना**



जनता दरबार के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सीतामढ़ी में रविवार को नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन नेताओं से आप कोई अपेक्षा न करें। नीतीश कुमार को अगर ध्यान से देखिएगा तो पता चलेगा कि उन पर उम्र का असर हो गया है। पिछले एक साल की उनकी पुरानी स्पीच उठाकर देख लीजिए आपको पता चल जाएगा कि वो हर बात को जलेबी की तरह घुमाते रहते हैं। बोलना कुछ चाहते हैं बोल कुछ और जाते हैं। आपने कभी नीतीश कुमार को किसी फैक्ट्री बनाने को लेकर चर्चा करते सुना?

प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए आज चर्चा का विषय क्या है? उनके लिए आज चर्चा का विषय है कि धरती का नाश होने वाला है। मोबाइल का उपयोग करने से लोग पागल हो रहे हैं। क्या यही नीतीश कुमार का काम है? नीतीश कुमार क्या साइकोलोजिस्ट हैं या मनोवैज्ञानिक हैं? बिहार की जनता ने जो काम नीतीश कुमार को दिया है वो तो ये कर नहीं रहे बाकी बेकार की चीजों में इनका ध्यान रहता है। दुनिया कितने दिनों तक रहेगी, कब खत्म हो जाएगी. इस पर बात करते हैं। आगे चुनावी रणनीतिकार ने कहा कि इन नेताओं से आप क्या अपेक्षा करते हैं? बिहार में जो आदमी शर्ट के ऊपर गंजी पहन लिया तो लोगों को लगता है कि वही जमीनी नेता है। भले उसको भाषा और विषय का ज्ञान न हो। कोई पढ़ा-लिखा आ जाए तो हम और आप बात करते हैं कि ये बिहार में नहीं चलेगा। आज देश में भ्रष्टाचार कहां नहीं है? नेता कहां झूठ नहीं बोल रहे हैं? इसके बावजूद आज बिहार जैसी भयावह स्थिति देश के किसी दूसरे राज्य में नहीं है।

# ऑटो और बस की आमने सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रविवार को ऑटो रिक्शा और बस की आमने-सामने की टक्कर में ऑटो रिक्शा सवार चार लोगों की मौत हो गई। सकरा थाना प्रभारी राजू कुमार पाल ने बताया कि सुजावलपुर में हुई इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि ऑटो रिक्शा सवार समस्तीपुर जा रहे थे। बस पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से काठमांडू जा रही थी और एक मोटरसाइकिल सवार से टकराने से बचने की कोशिश में उसके चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित बस ने यात्रियों से भरी एक ऑटो को उड़ा दिया। इस हादसे में ऑटो सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना सकरा थाना इलाके के सुजावलपुर चौक की है। घटना से गुस्साए लोगों ने मुजफ्फरपुर समस्तीपुर एनएच 28 को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस व अधिकारी पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम को खत्म कराया। मामले में स्थानीय लोगों ने बताया टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को सकरा रेफरल अस्पताल भेजा गया है।

# एलिवेटेड फोर लेन प्रोजेक्ट से पटना शहर का आवागमन पहले से होगा बेहतर : मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को एनएच-139 (पुराना एनएच- 98) पर बनने वाले अनिशाबाद-फुलवारी-एम्स एलिवेटेड फोर लेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री अनिशाबाद गोलंबर और एम्स गोलंबरपर रूक कर इस प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 8.9 किलोमीटर है, जिसमें 7.9 किलोमीटर एलिवेटेड सड़क बनना है। इसमें अनिशाबाद की तरफ और एम्स की तरफ रैम्प की व्यवस्था होगी. इस पूरे प्रोजेक्ट में एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च होगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिसंबर 2023 तक इस प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करें। इस एलिवेटेड सड़क के निर्माण से फुलवारीशरीफ के लोगों को काफी राहत होगी और उन्हें जाम से मुक्ति मिलेगी। साथ ही लोगों को एम्स जाने में काफी सहूलियत होगी। पटना शहर का आवागमन इससे बेहतर होगा और पटना से बाहर जाने में भी लोगों को सहूलियत होगी। वहीं, निरीक्षण के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# कलश स्थापना के साथ आदिशक्ति का पूजन शुरू, मंदिरों में उमड़ी लोगों की भीड़

❒ भक्ति के नौ दिनों में शक्ति के नौ अलग-अलग रूपों की होगी पूजा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मां दुर्गा की आराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। नौ दिनों तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों की पूजा की धूम रहेगी। इसके लिए शहर में पंडाल सज गये हैं। प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा विधिवत रूप से कलश स्थापना कर की गयी। मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिन माता रानी धरती लोक पर विचरण करती है।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में भक्तों का तांता भोर से ही लगा है। देवी भक्त इन मंदिरों में पूजन-अर्चन कर मां से मनोकामना पूर्ति की कामना करते दिखे। मां दुर्गा के दर्शन व पूजन के लिए शहर के काली आश्रम स्थित मां दुर्गा व काली मंदिर, रेलवे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर, भगवती मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों का तांता लगा है। अधिकांश घरों व सभी पूजा-पंडालों पर कलश स्थापित कर मां की पूजन की गयी। नवरात्र को लेकर शहर के मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों पर शनिवार की शाम ही तैयारी पूरी कर ली गयी थी। मां को चुनरी व फूलों से सजाया गया। देवी भक्त भोर से ही इन मंदिरों में पूजा-अर्चना शुरू कर दिये। मंदिरों के आसपास नारियल, चुनरी और फूल की दुकानें सजी रही। बता दें कि नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गयी। माता पार्वती को शैलपुत्री कहा जाता है, क्योंकि उनके पिता पर्वतराज हिमालय हैं। गौरवर्ण वाली मां शैलपुत्री की सवारी बैल है। वे एक हाथ में त्रिशूल तो दूसरे में कमल का फूल धारण करती हैं। चंद्रमा उनके मस्तक की शोभा बढ़ाता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा अर्चना की जाती है। मंदिरों में मां के लिए विशेष आरती की जायेगी और साजो श्रृंगार के साथ मां के नौ रूपों को अलग-अलग सजाया जायेगा।

## कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ शारदीय नवरात्र



**केसठ।** कलश स्थापना के साथ रविवार से प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों के अलावे श्रद्धालुओं के घरों में विधि–विधान से कलश की स्थापना कर श्रद्धा और भक्ति भाव से नवरात्र का अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई और माता रानी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। नवरात्र का शुभारंभ होने के साथ ही प्रखंड में दुगार्पूजा की धूम शुरू हो गई। विभिन्न पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार, आरती व देवीगीतों के बजने से माहौल भक्तिमय हो गया है। उल्लेखनीय है कि प्रखंड में 3 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस दौरान मां भवानी मंदिर, मां काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्त अहले सुबह से ही पूजा अर्चना करने पहुंचने लग थे। इस बार शारदीय नवरात्र पूरे नौ दिनों का हैं। पंडित दन्नते दुबे ने बताया कि जो भक्त मां के प्रथम रूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना श्रद्धा मन से करते हैं उनके घर में खुशहाली, धन दौलत आती है।

# गड़बड़झाला : बिना डेट के सीएल का आवेदन रख गायब थी शिक्षिका

## उपनिदेशक की जांच में स्कूल में मिले नौ छात्र

♦ उपनिदेशक को देख बिना तिथि भरे प्रधानाध्यापिका ने कर दिया आवेदन स्वीकृत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शिक्षा सचिव केके पाठक ने शिक्षकों के लेटलतिफी तथा बिना सूचना विद्यालय से गायब रहने पर सख्ती दिखाई है। हर दिनों स्कूलों की जांच की जा रही है। बावजूद शिक्षकों पर उनके फरमान का कोई खास असर पड़ता दिखाई नहीं पड़ रहा है। बल्कि शिक्षक जांच पदाधिकारियों को भ्रमित करने के लिए कई हथकंडे अपना रहे है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण शनिवार को सिमरी अंचल के प्राथमिक विद्यालय दिया परमेश्वर, मठिया में देखने को मिला। शनिवार को इस विद्यालय का औचक निरीक्षण करने विभाग के उपनिदेशक अमर भूषण गए थे। एक एक शिक्षिकीय विद्यालय है तथा कठार स्कूल की एक शिक्षिका शोभा कुमारी का यहा प्रतिनियोजन किया गया है। उपनिदेशक जब विद्यालय पहुंचे तो उक्त शिक्षिका स्कूल से नदारद थी। नदारद होने से पूर्व शिक्षिका ने सीएल का आवेदन जरूर लिख रखा था। लेकिन उस पर किस तारीख को सीएल पर रहेगी यह अंकित नहीं था। बल्कि दिनांक लिखने के बाद कुछ जगह खाली छोड़ दिया गया था। जाहिर है वह आवेदन किसी भी दिन काम आ सकता था।

इधर उप निदेशक को देखते ही प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी ने आनन फानन में उक्त आवेदन को 12 अक्टूबर के डेट में स्वीकृत भी कर दी। लेकिन वह दिनांक के बाद के खाली जगह में डेट भरना भूल गई। जब उपनिदेशक ने प्रधानाध्यापिका से पूछताछ शुरू की तो वह गिड़गिड़ाने लगी तथा उक्त शिक्षिका के पहुंच व पावर का हवाला दे माफ करने की गुहार लगाने लगी। निरीक्षण के दौरान उक्त विद्यालय में कुल नामांकित 35 छात्रों के मुकाबले मात्र 9 छात्र ही उपस्थित थे। उपनिदेशक ने उनसे भी विद्यालय के पठन पाठन व शिक्षकों की उपस्थिति पर जानकारी ली तो ग्रामीणों ने भी उक्त शिक्षिका के नहीं आने की पुष्टि की। इस संबंध में उपनिदेशक अमर भूषण ने बताया कि यह काफी गंभीर मामला है तथा इस मामले की जानकारी शिक्षा सचिव केके पाठक को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कार्रवाई तय है। वही उपनिदेशक के निरीक्षण से आस पास के स्कूलों के शिक्षकों में भी हड़कंप मच गया है।

## खबरें फटाफट

### कोल्ड स्टोर के गेट पर खड़ी बाइक चोरी

**डुमरांव।** खलवा ईनार के पास एनएच 120 के किनारे स्थित पूर्व मंत्री ददन पहलवान के कोल्ड स्टोर के गेट से एक बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव निवासी त्रिलोकीनाथ कोल्ड स्टोर में रखे अपना आलू लेने गए थे। वे अपनी स्प्लेंडर बाइक जिसका नंबर बीआर 44 एफ 7178 को कोल्ड स्टोर के मुख्य गेट के पास खड़ी किए थे। थोड़ी देर बाद जब वापस लौटे तो बाइक गायब थी। इस संबंध में पीड़ित ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि की है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**सिमरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार महिला रात में अपने घर में सो रही थी, इसी दौरान बेड पर चढ़कर एक जहरीले सर्प ने डंस लिया। महिला चिल्लाने लगी तो इसकी जानकारी परिजनों को हुई। परिजन उसे उपचार के लिए प्रतापसागर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक 50 वर्षीय महिला विमला देवी है। इधर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### बिजली चोरी के आरोप में पांच पर प्राथमिकी दर्ज



**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के नाजीरगंज गांव में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौगाईं के कनीय अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें टोंका फंसाकर बिजली चोरी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ कोरानसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विद्युत ऊर्जा चोरी के दौरान विभाग को हुई राजस्व की क्षति के आरोप में जुमार्ना भी लगाया गया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार नाजीरगंज गांव के दखिन डेरा निवासी सर्वजीत सिंह पर 2183 रुपये, विरेन्द्र सिंह पर 18396 रुपये, अरविंद कुमार सिंह पर 18200 रुपये, मनोज कुमार सिंह पर 4798 रुपये और शंभू सिंह पर 8570 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बिजली विभाग के अधिकारियों की इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भवन निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन का हुआ था चयन, नहीं शुरू हुआ निर्माण

# 26 वर्षों से उधार के भवन में चल रहा है किसान भवन, कर्मियों को हो रही परेशानी

**प्रकाश कुमार बादल/केसठ**




केसठ प्रखंड को अस्तित्व में आये 26 वर्ष बीत चुका है। लेकिन अब तक उसे अपना भवन नसीब नहीं हो सका है। प्रखंड का अपना भवन नहीं होने के कारण किसान भवन में प्रखंड कार्यालय संचालित होता है। जिससे प्रखंड कार्यालय के साथ ही कृषि विभाग के कर्मियों को भी जगह के अभाव में अपने कार्यों को संपादित करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि जून 1995 को नवानगर के तीन पंचायत केसठ, कतिकनार व रामपुर को मिला कर केसठ प्रखंड बनाया गया था। प्रखंड बनने के बाद प्रखंडवासियों को विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन सब बेकार साबित हुआ। तीन पंचायतों वाला केसठ प्रखंड कृषि बहुल क्षेत्र है। इस छोटे से प्रखंड में हजारों एकड़ में खेती होती है।

787 एकड़ में फैले इस प्रखंड का अपना कार्यालय नहीं होने से प्रखंडवासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस प्रखंड में कृषि योग्य भूमि 7610.92 एकड़ है। 80 फीसदी लोगों की जीविका साधन खेती हैं, लेकिन सरकारी नलकूप व जल संरक्षण की व्यवस्था नहीं होने से किसान सिंचाई के लिए निजी नलकूप के सहारे महंगा डीजल खरीद कर पटवन करते हैं, या फिर भगवान भरोसे नहर पर आश्रित रहते है। सिंचाई का एकमात्र साधन डुमरांव राजवाहा है। जिसमें कभी से समय से पानी नहीं आता है। लगभग 54 हजार से जनसंख्या वाला इस प्रखड में लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां पर स्वास्थ्य के नाम पर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 मध्य विद्यालय, सात प्राथमिक विद्यालय,एक महिला कॉलेज के साथ तीन प्लस टू विद्यालय, तीन हाईस्कूल के अलावा 29 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। सुरक्षा के नाम पर एक भी थाना व ओपी नहीं है। हालांकि कुछ दिनों पहले डीएम ने प्रखंड कार्यालय निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन का चयन किया था। लेकिन अब तक इस जमीन का मानचित्र प्रतिवेदन तथा अन्य दस्तावेज अंचल कार्यालय ने नहीं दिया है। जिससे निकट भविष्य में निर्माण की आस भी दिखाई नहीं दे रही है।

■ **अंचल कार्यालय ने नहीं दिया मानचित्र का प्रतिवेदन**

**कई अन्य विभागों को भी नहीं मिला है अपना भवन :** ऐसा नहीं कि सिर्फ प्रखंड कार्यालय का ही अपना भवन नहीं है। बल्कि कई ऐसे विभाग है जो प्रखंड कार्यालय की तरह ही उधार के भवन में संचालित हो रहे है। जानकारी के अनुसार अंचल कार्यालय ट्राइसम भवन में चलता है। सीडीपीओ, बीएओ, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी समेत कई कार्यालय उधार के भवन में चलते है। कई विभाग के कार्यालय नहीं है। पूरे प्रखंड में एक भी पंचायत सेवक नहीं है। संविदा आधार पर नियुक्त एक पंचायत सेवक तीनों पंचायतों का कार्य देखता है।

**जर्जर भवन में चल रहा है कार्यलय :** जिस किसान भवन में प्रखंड कार्यालय संचालित हो रहा है वह 26 वर्ष पुराना है। जिसके कमरे जर्जर हो गए है तथा उनके जमींदोज होने का खतरा बना हुआ है। यहां न तो पदाधिकारियों और कर्मियों के बैठने की समुचित जगह है और ना ही अधिकारियों के रहने का आवास। यहां विकास अपने भवन के लिए तरस रहा है। प्रखंड कार्यालय कर्मियों का कहना है कि भवन की छत पूरी तरह से जर्जर हो गई है। ये कब सिर के ऊपर गिर जाए ये भगवान ही जाने। कर्मियों में जर्जर भवन को ले हमेशा भय व्याप्त रहता है।

### अपना भवन नहीं होने से ग्रामीणों में है आक्रोश

**केसठ प्रखंड कार्यालय का अपना भवन नहीं होने से कर्मियों के साथ ही ग्रामीणों को भी फजीहत झेलनी पड़ती है। इस संबंध में केशव टाइम्स ने ग्रामीणों से प्रतिक्रिया ली है। पेश है रिपोर्ट –**



“ लगभग 26 वर्षो से किसान भवन में प्रखंड कार्यालय चल रहा है और अभी तक अपना भवन नहीं बन पाया। यह अधिकारियों की उदासीनता का प्रमाण है। ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। *– विजय कुमार यादव*



“ प्रखंड कार्यालय खुद अपने विकास के लिए तरस रहा है तो प्रखंड क्षेत्र के विकास की उम्मीद क्या किया जाए। जिला प्रशासन को पहल कर अविलंब प्रखंड कार्यालय के अपने भवन का निर्माण करवाना चाहिए। *– रवि शंकर पांडेय*



“ एक ही भवन में दो कार्यालय संचालित होने से कार्यालय में बैठे आधिकारी तथा कर्मियों की पहचान नहीं हो पाता है कि कौन कृषि विभाग के कर्मी है और कौन प्रखंड कार्यालय के। प्रखंड कार्यालय का अपना भवन शीघ्र बनना चाहिए। *– आजाद अहमद*



“ भवन निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि को चिन्हित कर लिया गया है। जमीन मालिक द्वारा भी अबतक सहमति पत्र नहीं दिया गया है। जिस कारण प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। *– मिथिलेश बिहारी वर्मा, बीडीओ, केसठ*

## पूरी तरह से दुरूस्त नहीं हुआ डाउन लाईन का परिचालन, गुजरी दो ट्रेनें

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रघुनाथपुर में बुधवार की रात नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने के बाद से अबतक डाउन लाईन में परिचालन सुचारू नहीं हो पाया हैं। हादसें के बाद से रेलवे लगातार डाउन ट्रैक के मरम्मत में जुटा है। रविवार को सुबह में पैसेंजर व मगध एक्सप्रेस रघुनाथपुर स्टेशन से गुजरी जरूर, लेकिन इसके बाद पूरे दिन परिचालन नहीं हो सका।

अलबत्ता रेलवे के तकनीशियन व मजदूर मरम्मत कार्य में जुटे रहे। इधर इस रेल ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन सुचारू नहीं होने से अन्य स्टेशनों पर भी सन्नाटा पसरा हुआ है। रविवार को पूरे दिन डुमरांव स्टेशन वीरान पड़ा था। इक्के दुक्कें यात्री ही स्टेशन तथा टिकट काउंटर पर दिखाई पड़ रहे थे। बता दें तकि अप लाईन में परिचालन शुरू होने के बावजूद अभी भी कई ट्रेनें डायर्वटेड हैं। हादसें के बाद से ट्रेनों का परिचालन बाधित होने से आम यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। यात्री ट्रेनों के परिचालन की जानकारी लेने स्टेशन जा रहे है और निराश हो वापस लौट रहे है।

## दो देशी कट्टा व 5 कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



नैनीजोर पुलिस ने शनिवार की रात गुप्त सूचना पर किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे भोजपुर जिले के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी महुआर गांव के एक घर से हुई है। उनके पास से दो देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस तथा दो मोबाईल बरामद हुआ है।

आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस उन्हें जेल भेज चुकी है। जबकि पूछताछ के आधार पर उनका अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया है कि वे किस घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे थे। गिरफ्तार अपराधियों में भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव के राकेश कुमार का पुत्र अंकित कुमार तथा उदवंतनगर थाना क्षेत्र के विशुपुर गांव के विजय साह का पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष मो. फिरोज आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शनिवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि महुआर के उमाशंकर सिंह के घर कुछ अपराधी किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर रात में ही छापेमारी करवाई गई। छापेमारी के दौरान घर के मुकेश व अंकित पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दोनों के कमर से एक-एक देशी कट्टा मिला। उन्होंने कहा कि जिस घर में दोनों छिपे थे उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने अपराधियों की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता बताया है।

## एक नजर

### रेल हादसे की टीस : दुर्घटना में टूटा हाथ, एसएसबी जवान बनने से चुके गाजियाबाद के अनुज



**ब्रह्मपुर।** 11 अक्टूबर को रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर हुए डाउन नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने की घटना ने कईयों को जीवन भर की टीस दे दी है। बता दें कि इस रेल हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई थी जबकि 63 यात्री जख्मी हुए थे। लेकिन इस दुर्घटना में जख्मी होने वालों में एक ऐसा भी बदनसीब यात्री था जिसका कैरियर ही तबाह हो गया है। हम बात कर रहे है उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले अनुज कुमार की। अनुज भी उक्त टेज्न में सवार होकर गाजियाबाद से आसाम जा रहे थे। वे एसएसबी का रिटेन व फिजीकल पास कर चुके थे। सिर्फ मेडिकल टेस्ट देना बाकी रह गया था। मेडिकल टेस्ट पास करते ही अनुज एसएसबी जवान बनने वाले थे। वे काफी उम्मीद के साथ अपनी यात्रा शुरू किए थे। लेकिन रघुनाथपुर के पास हादसे का शिकार हो गए, जिसमें उनका दाहिना हाथ टूट गया। प्राथमिक इलाज के बाद वे इस उम्मीद में अपने दोस्तों के साथ एसएसबी कैंप गए थे कि शायद एसएसबी के अधिकारी हादसे के मद्देजर उन्हें मेडिकल के लिए कुछ दिन की मोहलत दे दे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। निराश हो अनुज को वापस लौटना पड़ा। लौटने के दौरान रघुनाथपुर स्टेशन पर अनुज ने आपबीती सुनाई और बताया कि अब उनका उम्र भी पारा मिलेट्री या पुलिस फोर्स के सलेक्शन के लिए नहीं रह गया है। यह अंतिम अवसर था जो रेलवे की लापरवाही से चला गया। जिस कारण अनुज काफी निराश थे। लेकिन, यात्रियों के लिए देवदूत बने रघुनाथपुर के ग्रामीणों को धन्यवाद दिया है।

### मनाई गई डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

**बक्सर।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन के तत्वावधान में बुनियादी विद्यालय के परिसर में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जयंती मनाई गई। पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चलचित्र पर युवाओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिल खान ने किया व संचालन वकार कुरैशी ने किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल एआईएसएफ के प्रदेश उपाध्यक्ष बब्लू राज ने कहा कि मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति नाम से प्रसिद्ध कलाम अपने व्यक्तिगत जीवन में पूरी तरह अनुशासन का पालन करने वालों में से थे। ऐसा कहा जाता है कि वे कुरान और भागवद् गीता दोनों का अध्ययन करते थे। इसरो और डीआरडीओ में कार्यों के दौरान वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिये तथा भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा उन्हें 1981 में पद्म भूषण और 1990 में पद्म विभूषण का सम्मान प्रदान किया गया। वे वैज्ञानिक अनुसंधानों और भारत में तकनीक के विकास में अभूतपूर्व योगदान हेतु 1997 में कलाम को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

## निशा पूजन में पूरी रात होता है अनुष्ठान, श्रृंगार पूजन में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

# आस्था व प्राकृतिक रम्यता का संगम है डुमरांव का मां काली मंदिर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित काली आश्रम स्थित मां नवदुर्गा मंदिर प्रकृतिक के गोद में बसा है। मंदिर के आस पास के प्रकृति के रमणिक दृश्य को देखते ही श्रद्धालुओं का मन आनंदित हो उठता है। शारदीय नवरात्र के दौरान मां के दरबार में भक्तों की अपार भीड़ होती है। हर दिन हजारों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन पूजन करने आते है। देर रात तक यहां श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला लगा रहता है।

नवरात्र के सप्तमी तिथि को कालरात्रि की पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की जाती है। इस दौरान हजारों भक्त मां के चौखट पर माथा टेक अपने मंगल भविष्य की कामना करते है। काली आश्रम में मां नवदुर्गा के मंदिर के अलावे मां काली, शिव-पार्वती, हनुमत लला आदि की सुशोभित प्रतिमाएं स्थापित की गयी है। मां के दरबार में सुबह-शाम महाआरती का आयोजन होता है, जिसमें भक्त शामिल होते है।

मंदिर की महिमा को लेकर बुजुर्ग बताते है कि करीब दो सौ वर्ष पहले बहेलिया समाज ने मंदिर की स्थापना की थी। उस समय दुर्गम रास्तों से गुजरकर मां के दरबार मे पहुंचना पड़ता था। जैसे-जैसे भक्तों की तादाद बढ़ी वैसे-वैसे मां के रास्ते सुगम होते गये। काली आश्रम पंचित समिति द्वारा लाखों की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। बताया जाता है कि मां के दरबार में शुद्ध मन से मांगी गयी मुरादें पूरी होती है। शहरवासी हर शुभ कार्यों से पहले मां के दरबार में मत्था टेक शुरूआत करते है। काली आश्रम समिति के अध्यक्ष भगवानजी वर्मा और पुजारी ललन मिश्र ने बताया कि निशा पूजन के बाद मां दुर्गे के नौ स्वरूपों की एक विशेष पूजा आयोजित की जाती है, जिसमें सूखे मेवे का भोग लगाया जाता है और अहले सुबह हवन कर महाआरती की जाती है। पूजन के बाद कुंवारी कन्याओं का विधि-विधान के साथ पूजन कर महाप्रसाद का भोग अर्पण किया जाता है।

# दो मुट्ठी चावल खाकर श्रीहरि ने सुदामा को बनाया दो लोक का मालिक

❒ रासलीला में सुदामा चरित्र का मंचन देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्री राम लीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के क्रम में वृंदावन से पधारे श्री नंद नंदन रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी श्री करतार बृजवासी के निर्देशन में नवें दिन रविवार को दिन में मंचित कृष्णलीला कार्यक्रम के अन्तर्गत ₹सुदामा चरित्र₹ के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि सुदामा जी एक गरीब ब्राम्हण और उनके बचपन के सखा श्री कृष्ण द्वारिकापुरी के राजा होते हैं।

अपनी पत्नी के बार बार कहने के बाद एक दिन सुदामा जी अपने दीनता भरे जीवन में मदद के लिए अपने बचपन के मित्र श्री कृष्ण के पास द्वारिकापुरी जाते हैं। भेंट में देने के लिए उनकी पत्नी पड़ोस से चावल मांगकर लाती है।

सुदामा उस चावल की पोटली को लेकर द्वारकापुरी को प्रस्थान करते हैं। मार्ग में थकान होने के कारण सुदामा को नींद आ जाती है जहां श्री कृष्ण अपनी माया के प्रभाव से उनको द्वारका राजमहल के प्रथम द्वार पर पहुंचा देते हैं। यह देखकर सुदामा को बड़ा आश्चर्य होता है। वह द्वार पर खड़े द्वारपाल से श्री कृष्ण को अपना मित्र बताकर उनसे मिलने का आग्रह करते हैं। श्रीकृष्ण अपने बचपन के शाखा सुदामा से मिलने राजमहलों से दौड़ के आते हैं और उन्हें अंदर ले जाकर अपने आसन पर बिठाकर उनके पांव धोते हैं। यह देखकर महल के सभी लोग दंग रह जाते हैं. सुदामा अपने साथ ले आया चावल भेंट में देते हैं। श्री कृष्ण यह देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं। उन्होंने सुदामा के लाए चावल खाने शुरू किए। एक मुट्ठी खाकर एक तथा दूसरी मुट्ठी चावल खाकर उन्होंने सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। जब वे तीसरी मुट्ठी चावल खाने लगे तो वहां खड़ी रुक्मिणी ने उन्हें रोककर कहा कि तीनों लोक सुदामा को दे देंगे तो स्वयं कहां रहेंगे प्रभु। इस पर श्रीकृष्ण ने अपने हाथ रोक लिए और सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। इधर सुदामा कुछ दिन वहां रहने के पश्चात श्री कृष्ण से संकोच वश बिना कुछ कहे अथवा मांगे वापस लौटकर घर आते है।

उन्हें देखकर आश्चर्य होता है, कि जहां उनका झोपड़ी था वहां उनका महल खड़ा हुआ था। इस लीला से यही सीख मिलती है कि मित्रता कैसे निभाई जाती है। उक्त लीला का दर्शन कर श्रद्धालु हर्षित होकर श्रीकृष्ण भगवान का जयघोष करते हैं। उक्त लीला के दौरान पुरा परिसर दर्शकों से खचाखच भरा रहता है।

## एक नजर

### पाक्षिक काव्यगोष्ठी में मगही साहित्यकार एवं कवि के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**जहानाबाद।** नागरिक विकास मंच के तत्वावधान में को-ऑपरेटिव बैंक परिसर में शिक्षाविद राष्ट्रपति से सम्मानित डा एस के सुनील के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में, संचालन मंच के सचिव संतोष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिले के प्रसिद्ध समाज सेवी तथा शिक्षाविद डॉ. एसके सुनील, संतोष श्रीवास्तव, अनुसूचित जाति/जन जाति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अरविंद चौधरी तथा सचिव राम जीवन पासवान ने किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से मगही साहित्यकार कवि स्व. मनोज कुमार कमल के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि दिया साथ ही एक से 15 अक्टूबर तक जिन लोगों दिवंगत हुए या जिनकी जंयती है, वैसे साहित्यकार, कवि तथा शायर को श्रद्धांजलि दिया गया।

### छात्र नेता के साथ दारोगा ने की मारपीट, कार्रवाई के लिए धरने पर बैठे युवा

**बक्सर।** छात्र नेता के साथ मारपीट और गाली गलौज के बाद युवाओं ने वीर कुंवर सिंह चौक पर धरना शुरू किया। छात्र नेतो रवि यादव के नेतृत्व में रना पर बैठे छात्रों ने दारोगा के साथ पुलिस कर्मी परे कार्रवाई की मांग की। कहा कि जब तक उन दोनों पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक धरना जारी रहेगा। मामले में बताया जाता है कि छात्र नेता चारपहिया वाहन से गोलंबरे की तरफ बाईपास रोड से जा रहे थे। इस क्रम में उनका वाहन बाईपास रोड स्थित काली मंदिर के पास पहुंचा, जहां जाम लगो था। जिसके कारण उनकी गाडी रूके गई। इसके बाद एसआई विकास कुमार ने उन्हें गाली देते हुऐ गाड़ी आगे बढाने को कहा। जाम के कारण छात्र नेता ने गाड़ी आगे बढाने की लाचारी बताई। इसके बाद एसआई गाड़ी के पास पहुंच छात्र नेता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू करे दी। वहीं साथ में पुलिस कर्मी नवीन कुमार ने उनके हाथ से मोबाइले छिनकरे सड़के पर फेंके दिया। घटना के बाद छात्र नेता एमवी कॉलेज का छात्र नेतो रवि यादव ने वीर कुंवर सिंह चौक पहुंच धरना शुरू करे दिया। रवि यादव ने कहा कि ऐसे पुलिस कर्मियों के कारण पुलिस पब्लिक मैत्री का बात करना पुलिस के लिए बेमानी साबिते होगी। जब तक इन दोनों पुलिस कर्मियों पर पुलिस अधीक्षके कार्रवाई नहीं करेंगे, तब तके वे धरना पर बैठे रहेंगे।




### वाहन की चपेट में आने से अधिवक्ता की मौत, हत्या की आशंका

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली स्थित राधा स्वामी सत्संग आश्रम के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वकील की मौत हो गयी।? मृत वकील मूल रूप से बक्सर के डुमरांव थाना क्षेत्र के एकौनी गांव निवासी राम बिहारी चंद्र के 35 वर्षीय पुत्र रश्मि राज कौशिक उर्फ विक्की कौशिक थे। वह आरा बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य भी थे। वह नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी नवादा मोहल्ला में अपने परिवार के साथ रहते थे।

उनके रिश्तेदार हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर गजराजगंज ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हालांकि उनकी पत्नी के इंतजार में शव देर शाम तक सदर अस्पताल में ही रखा हुआ था। वकील के साले प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि रविवार की सुबह उन्हें फोन से एक मीडिया कर्मी और उनके साथी के जरिए घटना की सूचना मिली।उस आधार पर वह अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम गृह में शव की पहचान की। प्रभाकर मिश्रा द्वारा हत्या की आशंका भी जताई गई है। उन्होंने कहा कि उनके जीजा के एक भाई विदेश में रहते हैं।

## सामान लेने के बहाने घर ले जाने के दौरान बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

# छिनतई का विरोध करने पर फेरीवाले को बदमाशों ने मारी गोली, दूसरे को पीटा

■ गोली मारने के बाद फेरीवाले के साथी का मोबाइल और पैसे भी छीन ले भागे बदमाश

**केटी न्यूज/ आरा**



भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के रामदिहल टोला गांव में रविवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने छिनतई का विरोध करने पर शिवहर निवासी फेरी वाले को गोली मार दी। गोली उसके दाहिने साइड पीठ में मारी गयी है, जो आरपार हो गयी है। बदमाशों द्वारा उसके साथी के साथ मारपीट की गयी और उसके मोबाइल व पैसे भी छीन लिया गया। गोली से जख्मी फेरीवाला शिवहर के पीपरारी थाना क्षेत्र के देवकुली धर्मपुर गांव निवासी 25 वर्षीय भोला यादव है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

मारपीट में जख्मी उसके ही गांव उसका दोस्त नवीन कुमार है। उसे मामूली चोट लगी है। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सौरव कुमार पहुंचे और अपने स्तर से मामले की छानबीन की। भोला यादव ने बताया कि वह कुछ दिन पूर्व का फेरी करने के सिलसिले से भोजपुर आया था। वह अपने दोस्त नवीन कुमार के साथ कुल्हड़िया गांव में किराए के एक मकान में रहता है। वह लोगों से पुराने कपड़े लेता है और उसके बदले उन्हें प्लास्टिक के नए सामान और बच्चों की साइकिल व खिलौने देता है। प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह वह अपने दोस्त नवीन कुमार के साथ बाइक से फेरी करने रामदिहल टोला गया था। तभी बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचे और सामान खरीदने की बात कह अपने घर ले जाने लगे। उस पर दोनों उन लड़कों के घर जाने लगे, लेकिन बीच रास्ते में ही उन लड़के दोनों को मोबाइल और सामान को छीनने लगे। उसने विरोध किया, एक लड़के द्वारा उसे गोली मार दी गयी। उसके दोस्त नवीन कुमार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उसकी भी पिटाई कर दी गयी। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर चांदी थाना की गश्ती पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस बदमाशों की पहचान करने और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### तेरह साल से फरार टॉपटेन अपराधी गिरफ्तार

आरा। भोजपुर पुलिस की टीम द्वारा लूट और आर्म्स एक्ट सहित करीब आधा दर्जन कांडों में फरार जिले के एक टॉपटेन अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को उसकी आर्म्स एक्ट सहित तेरह मामलों में तलाश थी। नारायणपुर थाने के लूट के एक मामले में वह 13 साल से फरार चल रहा था। कोर्ट की ओर से उसके खिलाफ आधा दर्जन कांडों में स्थायी वारंट भी जारी किया गया था। वह आजिमाबाद थाना क्षेत्र के मेंहदौरा गांव निवासी साधु शरण राय का पुत्र मृत्युंजय राय है। उसे हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि एसपी प्रमोद कुमार यादव को सूचना मिली कि वर्षों से फरार जिले का टॉप टेन अपराधी मृत्युंजय राय हरियाणा के फरीदाबाद में है। उसके बाद उसकी गिरफ्तारी को लेकर एक टीम गठित की गयी। टीम द्वारा मोबाइल सर्विलांस के जरिए उसे फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मृत्युंजय राय का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ मुफस्सिल, गड़हनी, नारायणपुर और संदेश सहित अन्य थानों में लूट एवं आर्म्स एक्ट सहित 13 केस दर्ज हैं। वह आधा दर्जन मामलों में फरार चल रहा था। कुछ कांडों में उसके खिलाफ कोर्ट की ओर से स्थायी वारंट जारी किया गया है। उसकी गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस की बड़ी सफलता है। टीम में नारायणपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार और डीआईयू के दारोगा संतोष कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## दशहरा पर्व आते ही जहानाबाद में सक्रिय हो गया नशाखोरी गिरोह



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद गया सड़क एनएच 83 पर सेरथुआ गांव के समीप एक व्यक्ति अचेत अवस्था में गिरा हुआ था। जैसे ही आसपास के लोग उस रास्ते से जाने लगे तो देखा कि एक व्यक्ति सड़क के किनारे गिरा हुआ है। आसपास के लोगों के सहयोग से इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर द्वारा इसका इलाज किया गया इसके बाद यह व्यक्ति जब कुछ होश में आया तो अपना नाम विजय राम पिता विश्वेश्वर राम समस्तीपुर जिले का निवासी बताया यह व्यक्ति ने बताया कि मैं दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करता हूं मैं संपूर्ण क्रांति से पटना आया था इसके बाद मुझे यह पता नहीं है कि मैं कैसे सड़क के किनारे चला गया उसे व्यक्ति का कहना है कि मैं नशाखोरी गिरोह के चपेट में आ गया उन लोगों के द्वारा मुझे सुबह बेहोश कर दिया और मेरा पैसा कपड़ा इत्यादि सारी सामान ले लिया और मुझे किसी अनजान जगह पर ले जाकर सड़क के किनारे फेंक दिया उसे व्यक्ति का कहना है कि मैं अस्पताल कैसे पहुंचा मुझे कोई जानकारी नहीं है। अभी भी यह व्यक्ति डरा हुआ है ।और इसका इलाज डॉक्टर कर रहे हैं लेकिन जिस तरह से इसके साथ यह घटना हुई है इससे यह प्रतीत हो रहा है कि नशा खोरी गिरोह ट्रेन में काफी रूप से सक्रिय है और दशहरा पर्व को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने घर लौट रहे हैं।

### पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 124वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के सागरपुर गांव में पंकज शर्मा के निजी जमीन पर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित युवा प्रकोष्ठ के व्यवस्थापक कौशल कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है।इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है।वृक्षारोपण समय की मांग है,युग धर्म है।समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि कम से कम प्रत्येक वर्ष 10 पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। पौधरोपण का कार्यक्रम गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चलाया जाता है।

## सामाजिक सरोकार के लिए सदैव तत्पर है राधा स्वामी संगठन: दीपक



**केटी न्यूज/ मखदुमपुर**

◆मखदुमपुर में राधा स्वामी संगठन के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

रेफरल अस्पताल के सामने रविवार को राधा स्वामी संगठन का कार्यालय का उद्घाटन संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने रिबन काटकर किया ,मौके पर उपस्थित लोगो ने फूल माला देकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा की राधा स्वामी संगठन सामाजिक सरोकार की कार्य करती है हमारे संगठन के द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ आप ले सकते है उन्होंने सगंठन द्वारा चलाये जा रहे योजना कन्या विवाह योजना ,वाहन योजना ,आवास योजना समेत कई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया । उन्होंने उपस्थित लोगों से संगठन में जुड़कर इसे मजबूत करने की बात कही ,कार्यक्रम में पहुचे नगर पार्षद ,पंचायत प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता ,,शिक्षकों को चादर देकर सम्मानित भी किया । मौके पर जिला प्रभारी छोटू पासवान ,मखदूमपुर व्यपार मंडल के अध्यक्ष अमरेश शर्मा नगर पार्षद रितेश कुमार उर्फ चुन्नु शर्मा नीरज कुमार ,मकरपुर पंचायत के मुखिया अजित कुमार उर्फ खद्दू यादव,पैक्स अध्यक्ष कृष्णा शर्मा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार पप्पू ,अखिलेश दांगी ,शशि दांगी ,मोहित यादव ,मुकेश कुमार ,रितेश कुमार विनय कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे




## शारदीय नवरात्र के पहले दिन नवदुर्गा मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, बोले महंत...

# कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मान उनकी पूजा करते हैं

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर पुलिस लाइन स्थित नवदुर्गा कालरात्रि मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे व घोड़े के साथ निकली इस कलश यात्रा में 501 श्रद्धालु महिलाएं अपने सर पर कलश ले यात्रा में शामिल हुई। मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा पुलिस लाइन होते हुए अंबेडकर चौक, ज्योति चौक, वीरकुंवर सिंह चौक होते हुए रामरेखा घाट पर पहुंची। जहां से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरकर श्रद्धालु पुनः मंदिर पहुंचे।

जहां पूजा-अर्चना के साथ कलश स्थापना की गयी। यह कलश यात्रा मंदिर के महंत द्वारिका दास जी महाराज के नेतृत्व में निकाली गई थी। बता दें कि शारदीय नवरात्र को लेकर रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना की जा रही है। इस दौरान या देवी सर्वभूतेषू मातृ रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम आदि मंत्रों के साथ मां शैलपुत्री देवी की पूजा आरंभ हो गई है। इसको लेकर इलाके के सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों के उच्चारण कर दुर्गा मां की आराधना की। कलश यात्रा में आगे आगे घोड़े, ऊंट, उसके बाद डीजे के साथ माथे पर कलश लिए महिला पुरुष चल रहे है। मंदिर के सेवक अमित माली ने बताया कि इस धाम में बिहार के कई जिलों के अलावे दूर दराज से भक्त पहुंचते है। यहां पहुंचने वाले भक्तों को कलश स्थापना के साथ नौ दिन पूजा पाठ की व्यवस्था दी जाती है। वहीं, मंदिर के महंथ द्वारिका दास जी महाराज का कहना है कि नौ दिन धूम धाम से देवी पूजन के बाद नवमी के दिन भव्य कन्या पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शास्त्रों में नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन को अत्यंत ही महत्वपूर्ण और शुभ माना गया है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में देवी मां के सभी उपासक कन्याओं को मां दुर्गा का दूसरा स्वरूप मानकर उनकी पूजा करते हैं। सनातन धर्म में सदियों से ही कन्या पूजन और कन्या भोज कराने की परंपरा चली आ रही है।



# नारद मोह का मंचनः नारद के बंदर रूप को देख लोटपोट हुए लोग

**केटी न्यूज/ मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना विजय स्तंभ चौक स्थित लक्ष्मण रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र के मौके पर शनिवार रात्रि समिति के कलाकार द्वारा प्रथम दिन मुकुट पूजन के पश्चात नारद मोह का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया रामलीला शुरू होने के पूर्व हनुमान मंदिर विजय स्तंभ चौक के पुजारी शशांक त्रिपाठी उर्फ चंकी बाबा द्वारा भगवान शिव की आरती के पश्चात द्वीप प्रचलित कर रामलीला की शुरूआत की गई। मंचन के दौरान नारद के बंदर रूप ने लोगों को लोटपोट कर दिया। बीच-बीच में भक्तों द्वारा भगवान श्री राम के लग रहे जयकारों से वातावरण राम मय हो गया। इस मौके पर लक्ष्मण रामलीला सेवा समिति के लोगों ने बताया कि इस रामलीला के माध्यम से हम सभी को अपने मन मस्तिक में भगवान श्री राम के किए हुए कार्यों पर ही हम आगे को बढ़ेंगे और हमारे मन में यही विचार होना चाहिए। इस अवसर पर रामलीला समिति के अजय गुप्ता, सनी गुप्ता, डॉक्टर सुदामा यादव, शशांक गुप्ता ,राहुल गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे ।



## मुकुट पूजन के साथ गोंठा की रामलीला हुई शुरू

**मऊ।** दोहरीघाट ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत गोठ रामलीला भवन पर रविवार को हनुमान जी के चांदी के नए मुकुट पूजन कर रामलीला की शुरूआत हो गई। वही गोटा की रामलीला लगभग 400 वर्षों से भगवान राम की लीला का मंचन किया जाता है ।इसे देखने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचते हैं। गोठा निवासी राहुल मद्धेशिया उर्फ बिलाऊ पत्नी सुधा मद्धेशिया ने चांदी का मुकुट रामलीला समिति को दिया। बता दे की रामलीला मंच पर मुकुट का विधि विधान से पूजा किया गया वहीं महिलाएं पूजन के दौरान गीत गाती रही। पूजन समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।। राहुल मद्धेशिया द्वारा चांदी का मुकुट दान दिए जाने पर रामलीला समिति द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया।



# करंट लगने से कोटेदार की मौत

**केटी न्यूज/खेजुरी**

रविवार को तड़के पकड़ी थाना क्षेत्र के ननहुल गाँव में कोटेदार की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई।मौत की खबर से पूरे गाँव मे कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक ननहुल गाँव निवासी जवाहर गुप्ता 55 वर्ष गाँव के सस्ते गले की दुकान संचालित करते थे। रविवार को तड़के करीब पांच बजे भोर में शौच इत्यादि करने के बाद हाथ मुँह धोने के लिए घर मे लगे नल पर गए।चूकि नल से टुल्लू पम्प लगा हुआ था। जिसके चलते पूरे नल में करंट प्रवाहित हो रहा था। जवाहर गुप्ता ने जैसे ही नल को हाथ लगाया वो करंट की चपेट में आकर छटपटाने लगे। परिजनों ने किसी तरह से करंट बंद कर उन्हें नल से अलग कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गए। जहाँ चिकित्सको ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले कर पहुंचे ।जहाँ चिकित्सको ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

परिजन शव लेकर घर चले आये।पुलिस के मुताबिक परिजनों ने पुलिस को कोई सूचना नही दी है।

## खबरें फटाफट

### ब्लैकलिस्टेड होंगे फिटनेस फेल स्कूली वाहन

**बलिया।** एआरटीओ अरुण कुमार राय ने बताया कि अब ब्लैकलिस्टेड होंगे फिटनेस फेल स्कूली वाहन। कहा कि जनपद के 203 स्कूली वाहनों की जनवरी से फिटनेस नहीं कराई गई, जबकि इस बाबत विभाग ने चार बार नोटिस भेज कर फिटनेस कराने का निर्देश भी दिया, बावजूद फिटनेस नहीं कराई गई। ऐसे में फिटनेस फेल स्कूली वाहनों को अब ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि जनपद में करीब 850 निजी स्कूल है, इन स्कूलों में छात्रों को लाने और छोड़ने के लिए बस, मिनी बस, मैजिक आदि 739 वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए सभी स्कूली वाहनों की प्रत्येक वर्ष फिटनेस की जांच की जाती है। नियमों पर खरा उतरने के बाद ही वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर सड़क पर चलने की अनुमति दी जाती है। लेकिन 203 स्कूली वाहनों की जनवरी से फिटनेस नहीं कराई गई।

### पूजा पंडाल सजाने के लिए लेना होगा अस्थायी कनेक्शन

**बलिया।** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता एसके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में इस बार समितियों को दुर्गा पूजा पंडाल सजाने के लिए बिजली विभाग से अस्थायी कनेक्शन लेना होगा। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है और विभाग द्वारा ?समितियों को नोटिस भी भेजी जा रही है। यदि कहीं भी दुर्गा पूजा पंडाल में कटिया मार बिजली कनेक्शन पकड़ा गया तो भारी जुमार्ना वसूला जाएगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नवरात्रि में शहर व ग्रामीण इलाकों में जगह—जगह दुर्गा पूजा के पंडाल लगाए जाते हैं। पंडालों को सजाने के लिए समितियों द्वारा खूब लाइटिंग की जाती है। आमतौर पर पंडालों के लिए समितियां कनेक्शन नहीं लेती है। धार्मिक कार्यक्रम के नाते विभाग की ओर से भी ढिलाई रहती है। जिससे लोड बढ़ जाता है और आपूर्ति व्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है। ऐसे में इस बार दुर्गा पूजा समितियों को अस्थायी कनेक्शन लेना पड़ेगा।


### दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**मऊ।** कोपागंज थाना के मऊ मझवारा शहीद मार्ग अदरी बाजार में रविवार की दोपहर को दो मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर भिड़ंत हो गई। इसमें दोनो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। भीमपुरा थाना के इंब्राहिमपट्टी निवासी प्रदीप कुमार (27) वर्षीय पत्नी रीता देवी (24) वर्षीय अपने ससुराल खुरहट जा रहा था। जैसे ही वह मोटरसाइकिल लेकर मऊ मझवारा शहीद मार्ग स्थित अदरी बाजार के पास जा ही रहा था कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने ओभारटेक करने में साइड से टक्कर मार दिया। इसमें पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घोसी कोतवाली निवासी बरौली बाडर शैलेश यादव 47 वर्षीय गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर होने से बाइक सवार सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे मौके पर चीख पुकार मच गई।

## नगरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन

# ज्यादा से ज्यादा सरकार की व्यवस्था का लोगों को मिले लाभः डॉ नंदकुमार






**केटी न्यूज/मऊ**

नगरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन सीएमओ ऑफिस के सभागृह में सीएमओ डॉ नंदकुमार की अध्यक्षता में किया गया। सीएमओ ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय में प्रसव का नंबर बढ़ने पर खुशी हुई है साथ ही और ज्यादा से ज्यादा इस सरकार की व्यवस्था का लोगों को फायदा मिले इसके लिए भी और प्रयास होने रहना चाहिए।

साथ ही उन्होंने इसके लिए डॉ भैरव पांडे के अहम योगदान की भी सरहाना की उन्होंने डीक्यूएससी के टीम का पुनर्गठन के साथ-साथ

**❐ जनपद में संस्थागत प्रसव की वृद्धि पर सीएमओ ने दी बधाई**

इसकीअति शीघ्र मीटिंग करने का निर्देश भी दिया।

भदेसरा नगरी स्वास्थ्य केंद्र पर चल रही अवव्यस्था पर अपनी नाराजगी जाहिर की साथ ही इस स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को सुधार करने का भी निर्देश दिया।

महिला अस्पताल में नसबंदी पर और ध्यान देने की जरूरत की बात कही, बैठक में उपस्थित नगरी स्वास्थ्य केंद्र की सभी एएनएम से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली साथ ही आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों में उनके द्वारा अहम योगदान की चर्चा की।

पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि केवल सिह सिसोदिया के द्वारा नगरी प्राथमिक स्वास्थ केन्द्रो पर पिछले 3 माह में किए गए कार्यो पर चर्चा की उन्होने बताया की प्राइवेट अस्पतालों मे भी परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हे और इस क्रम में इनसे प्राप्त रिपोर्ट को भी एचएमआई एस में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम अपलोड कराया जा रहा है।

डॉ भैरव पांडे ने महिला आरोग्य समिति के गठन की बात कही एवं आने वाले त्योहार को देखते हुवे आशा के मानदेय को समय से उपलब्ध हो जाए इसके लिए भी निर्देश दिया।

बैठक का संचालन शहरी स्वास्थ मिशन के जिला कॉर्डिनेटर देवेन्द्र प्रताप ने किया - इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविंदर नाथ, सहायक शोध अधिकारी सुनील सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी यूसुफ शाह, महिला चिकित्सालय से डॉ मिथलेश कुमार झ्र हॉस्पिटल मैनेजर, डॉ डॉ जावेद अख्तर, डॉ अभिषेक राय, बबलू कुमार, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ से प्रतिनिधि रजिया, यूपीटीएसयू के मु शरीफ भी उपस्थित रहे।

# त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने की छापेमारी, जांच हेतु लिए नमूने

**केटी न्यूज/मऊ।**

आयुक्त ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी जनपद मऊ के आदेश के अनुपालन में नवरात्र /दशहरा त्योहार पर आम जनमानस को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ,फलाहार , इत्यादि उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान के प्रथम दिवस शनिवार को सहायक आयुक्त, खाद्य (2) सुरेश मिश्र के नेतृत्व में दूध एवं दुग्ध उत्पादों के 8 तथा खाद्य तेल के 4 नमूनों सहित कुल 12 नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

टीम द्वारा प्रातः 4 बजे भीटी चौराहे के पास से जनपद बाराबंकी निर्मित/पैक्ड एक दूध वितरण वाहन से फुल क्रीम दूध, मिश्रित दूध, दही व गाय दूध का नमूना संकलित किया गया । गालिब भीटी में लखनऊ निर्मित/पैक्ड दूध के वितरण वाहन से फुलक्रीम दूध, गाय का दूध, खीर व दही का नमूना संकलित किया गया। गालिबपुर भीटी स्थित खाद्य पदार्थो/तेलों की थोक विक्रेता फर्म राम चन्दर प्रसाद गोपाल प्रसाद से विभिन्न ब्रान्ड के सरसो तेल सहित अन्य खाद्य तेलों के 4 नमूने संग्रहीत किए गए। नमूनों को जांच हेतु प्रयोशाला भेज दिया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



# विदेश भेजने वाले दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/मनियर।**

थाना क्षेत्र के तीन लोगों को विदेश भेजने के नाम पर रुपए लिए जाने एवं जो लोग विदेश गए हैं उनसे करीब तीन-चार माह से बात न होने पर परिजनों ने विदेश भेजने वाले के विरुद्ध मनियर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है । पीड़ित के तहरीर पर मनियर पुलिस ने आरोपी के संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अपने तहरीर में गोलू गुप्ता पुत्र हरिशंकर गुप्ता निवासी ग्राम बड़ागांव थाना मनियर जनपद बलिया ने दशार्या है कि मेरी बड़ा गांव चट्टी पर किराना की दुकान है। जहां पर हम दोनों भाई गोलू गुप्ता एवं चंदन गुप्ता दुकान को देखते थे। करीब तीन चार माह पूर्व शमशेर खान पुत्र ताहिर खान निवासी सेमरी कोतवाली बांसडीह जनपद बलिया एवं गणेश पांडेय पुत्र काशीनाथ पांडेय निवासी छितरौली थाना कोतवाली बांसडीह जनपद बलिया मेरे दुकान पर आए तथा मेरे भाई चंदन गुप्ता एवं अब्दुल कादिर खान पुत्र अख्तर हुसैन खान एवं रफाकत हुसैन पुत्र वलामत खान को मलेशिया में नौकरी देने का प्रलोभन देखकर अपने झांसे में लेकर प्रत्येक लोगों से डेढ़ डेढ़ लाख रुपए लेकर 19 जून को मलेशिया ले जाने के लिए कोलकाता से फ्लाइट पर बैठा दिये ।20 जून को रात्रि में मैं फोन से अपने भाई से बात किया तो भाई ने बताया कि मलेशिया के लिए सीधे कोई फ्लाइट हमें नहीं मिली है इसलिए हम लोग यहां से बैंकाक का फ्लाइट पकड़े हैं फिर बैंकॉक से मलेशिया पहुंच जाएंगे। इसके बाद हमारे भाई से हमारा एवं हमारे परिवार के किसी सदस्य की बात नहीं हुई ।न ही अब्दुल कादिर खान एवं रफाकत हुसैन के परिवार वालों से उनकी बात हुई। जब घर जाकर भेजने वालों से पूछा गया तो बताए कि मलेशिया भेज दिए हैं और गाली गुप्ता देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हम लोगों को भगा दिए।

## समाजसेवियों ने दिखाई दिलेरी, बाजार के तिराहे का हुआ कायाकल्प

**मऊ।** यदि इरादे नेक और हौसले बुलंद हों तो न केवल मुश्किलें आसान और खत्म की जा सकती हैं,बल्कि जिम्मेदार व्यक्तियों और संस्थाओं को उनके कर्तव्यों का पाठ भी पढ़ाया जा सकता है। जी हाँ, स्थानीय बाजार का मुख्य तिराहा जो विगत कई बरसातों से जलजमाव,गंदगी और छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं का चश्मदीद बना हुआ था।

आज क्षेत्र के समाजसेवियों कृष्णा महिला महाविद्यालय सिपाह इब्राहिमाबाद के प्रबंधक जयभान यादव तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं ओबैदुल्लाह अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से अपने व्यक्तिगत खर्च से बनवाए जाने से चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि हालांकि इस समस्या के समाधान के लिए विविध माध्यमों से अनेकानेक बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया किंतु समस्या ज्यों की त्यों बनी रही।

# सुरक्षा के हो इंतजाम, आपसी सौहार्द्र के साथ मनाएं त्योहार



**केटी न्यूज/बलिया**

सीयर पुलिस चौकी पर दुर्गा पूजा और दशहरा को लेकर नवागत इंस्पेक्टर डीके श्रीवास्तव ने पूजा समिति पदाधिकारियों व नगरवासियों के साथ बैठक किया। रविवार की शाम पांच बजे हुए बैठक में उभांव इंस्पेक्टर ने कहा कि उभांव थाना क्षेत्र के 56 स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित किए गए है।

इनमें सुरक्षा के हर इंतजाम होने चाहिए और आपसी सहमति से क्षेत्र के तुतीपार, बेल्थरारोड एवं हल्दीरामपुर रेगुलेटर पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इंस्पेक्टर ने शांतिपूर्वक सकुशल दुर्गा पूजा और दशहरा मेला संचालन को लेकर हर तरह के एहतियात बरतने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में अपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में बालू की व्यवस्था जरुर रखें। सीसी टीवी कैमरे भी लगाएं जाएं। आपसी सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाएं। पुलिस प्रशासन हर तरह से मदद को मुस्तैद रहेगी लेकिन बवालियों से सख्ती से निपटा जायेगा। बैठक में सीयर चौकी इंचार्ज देवेंद्र प्रजापति, सिपाही अंकुर वर्मा, जनार्दन, सभासद परवेज हमजा गुड्डू, राहुल मद्देशिया बेचू, अतुल मद्धेशिया, सन्नी जायसवाल, गुलाब जायसवाल भोलू व अन्य मौजूद रहे।

## डॉ कृष्ण बने जेएनसीयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक

**बलिया।** कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक पद पर डॉ.कृष्ण कुमार सिंह की नियुक्ति की है। डॉ. केके सिंह वर्तमान में श्री बजरंग पीजी कालेज, दादर आश्रम, सिकंदरपुर में राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। मूलतः मिजार्पुर जिले के रहने वाले डॉ. सिंह ने उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। नेट, जेआरएफ, उप्र स्लेट क्वालीफाई डॉ. सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापक के रूप में प्राध्यापन आरंभ किया। डॉ सिंह का अब तक कुल 23 शोध पत्र प्रकाशित हैं और 18 अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किया है। विवि के वृक्षारोपण के नोडल अधिकारी एवं एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी के रूप में भी सराहनीय कार्य किया है।

## ग्राम पंचायत गाढ़ा के पंचायत भवन पर जागरुकता रैली का शुभारंभ किया गया

# महिलाओं को दी गई मिशन शक्ति की जानकारी



**केटी न्यूज/मऊ**

शक्ति मिशन के तहत ग्राम पंचायत गाढ़ा के पंचायत भवन पर ग्रामीण महिलाओं को पुलिस ने जागरूक किया। ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार प्रभाकर ने कहा कि वर्ष 2020 में महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसकी थीम थी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन। तीन मुद्दों को लेकर शुरू हुआ कार्यक्रम आज मिशन शक्ति के नाम से जाना जाता है।

इस कार्यक्रम ने पूरे प्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने के साथ पूरे देश में महिला संबंधी अपराध को नियंत्रित करने और अपराधियों को सजा दिलाने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बन गया। मिशन शक्ति की सफलता का ही परिणाम है कि भारत सरकार ने भी महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम मिशन शक्ति रखा है, जो यह दशार्ता है कि जब कोई भी इनिशिएटिव समाज में व्यापक जागरूकता का बड़ा माध्यम बनता है तो उसे राष्ट्रव्यापी बनने में देर नहीं लगती है।

उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाती है, लेकिन जिनके लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है, उन्हे इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती। इसकी वजह से वह इसका लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में जागरुकता रैली का शुभारंभ किया गया है। महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को लेकर अच्छा काम किया जा रहा है मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम में चौकी प्रभारी रतनपुरा आउटपोस्ट, ग्राम प्रधान गाढ़ा कन्हैया लाल , थाने की संबंधित महिला बीट आरक्षी, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, पंचायत मित्र, स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी गण, उचित दर विक्रेता उपस्थित थे।




## खबरें फटाफट

### पांच पशुओं के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**चहनियां(चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के महुआरी कैलावर गांव से पुलिस ने शनिवार की शाम व रविवार की सुबह अभियान चलाते हुए दो पिकअप गाड़ी में पांच गौवंश व चार पशु तस्करों को चापड़ व 29 सौ रुपये नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जिससे क्षेत्र में गौ तस्करों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। गाजीपुर व वाराणसी से पिकअप द्वारा गौ वंशों को लाद कर लगातार तस्करी का कार्य जोरों पर चल रहा था। जिसकी शिकायत लगातार मिल रही थी। जिसके क्रम में अधिकारीयों ने पांच गौवंश लदे चार तस्करों वाराणसी निवासी अनुज यादव पुत्र जवाहर यादव, रिंकू यादव पुत्र होशीला यादव, बलुआ के लोलपुर निवासी महेश तिवारी पुत्र रविंद्र तिवारी व सरेसर आलमपुर किरेन्द्र गौड़ पुत्र निवासी विनोद गौड़ को गाड़ी का पीछा करते हुए चापड़ व 29 सौ रुपये बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### कोतवाली पुलिस ने डीसीएम से 25 गोवंश किया बरामद

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डा अनिल कुमार के निर्देश पर अपराधियों व पशु तस्करों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे। अभियान में रविवार को फुटिया गांव के समीप चेकिंग के दौरान सदर कोतवाली पुलिस ने गौ तस्करी के लिए जा रहे। डीसीएम ट्रक को धर दबोचा वही चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस डीसीएम में लदे 25 गौवंश बरामद कर आगे की कार्यवाही में जुट गई। सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रात्री चेकिंग के दौरान फुटिया गांव के पास से एक डीसीएम पर क्रूरतापूर्ण तरीके से लदे 25 गोवंश व ड्राइवर की सीट के नीचे एक अदद चापड़ बरामद किया गया है। वही अंधेरे का फायदा उठाकरतस्कर भागने में सफल रहा। बरामदगी के आधार पर धारा 4/25 आर्म एक्ट में कार्यवाही की जा रही है।

### मेले में चिकित्सकों ने 1731 मरीजों का किया उपचार

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण व दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सीएमओ युगल किशोर राय ने किया।इस दौरान सीएमओ ने कहा कि मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अंतर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की गई।इस दौरान चिकित्सकों ने कुल 1731 मरीजों का उपचार किया। इसमें 745 पुरुष, 684 महिला एवं 332 बच्चे है। वहीं कुल 178 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बने कोविड हेल्प डेस्क पर 112 मरीजों का परीक्षण किया गया, ईसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई। मलेरिया के कुल 62 टेस्ट किए गए, इसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है।

### तीन नाबालिग को पुलिस ने चोरी के आरोप में भेजा जेल

**गाजीपुर।** भुडकुंडा कोतवाली अंतर्गत खेमपुर गांव से कोतवाली के उपनिरीक्षक गुलाम हुसैन अपने पुलिस कांस्टेबलों के साथ सुबह एक 17 वर्षीय तीन नाबालिक चोरों को अरेस्ट करने का दावा किया। जिसमें तीनों नाबालिक किशोर को चोरी के मामले में पुलिस ने धारा 457, 380, 411 में जेल भेजा। साथ ही आरोपी के पास से दो सोलर पैनल, एक बैट्री, इन्वेटर, प्रिंटर भी बरामद करने का दावा किया। मालूम हो की क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल था।

## आस्थाः नवरात्र के पहले दिन मां के शैलपुत्री स्वरूप की हुई पूजा

केटी न्यूज/चंदौली



### सज गए दुर्गा पंडाल, कलश स्थापना कर की गई प्रतिमा स्थापित

नवरात्र प्रारंभ होते ही बड़े हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि के प्रथम दिन दुर्गा पूजा पंडाल को सजा गया।जहां कलश स्थापना कर मूर्ति की प्रतिमा को स्थापित किया गया। विगत 50 वर्षों से पहले से सदर विकासखंड के ग्राम सभा धरौली व मझवार गांव में मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ शुरू हो जाता है। दर्शन पूजन करते हैं और सुख शांति के लिए मां की आराधना करते हैं। धरौली में प्राचीन हनुमान मंदिर स्थित दुर्गा पूजा समिति धरौली द्वारा नवरात्र में प्रथम दिन से ही मूर्ति की स्थापित कर बड़े धूमधाम से नौ दिन प्रतिमा की पूजा की जाती है। संध्या कालीन आरती व भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जाता है। नवरात्रि के पहले दिन आयोजक अंतिम रूप देने में व्यस्त दिखे सुबह से ही कलश स्थापना शुभ मुहूर्त के अनुसार मूर्ति स्थापित कर दी जाती है।

नवरात्र के पहले दिन रविवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मां के मंदिर भक्तों के जयकारों से गूंज उठे। मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए सुबह पांच बजे से ही कतारें लग गईं। दिन भर कतारें लगी रहीं। आदि शक्ति की उपासना के लिए लोगों ने व्रत रखा और भजन कीर्तन किया। नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई। सुबह स्नान आदि करके भक्त पूजा की थाल सजाकर मंदिरों की ओर चल दिए। मंदिरों में जाकर कतार में लगकर विधि विधान से मां की पूजा अर्चना और स्तुति की। मुख्यालय के प्राचीन काली मां मंदिर में सुबह पांच बजे से ही भक्तों की कतारें लग गईं। श्रीरामजानकी मठ मंदिर, महावीर मंदिर, फुटियां गांव के काली मंदिर में सहित अन्य मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा और वहीं ग्रामीण अंचलों के लोगों ने माता के मंदिर में माथा टेका। परिवार की सुख शांति के लिए कामना की।वहीं देवी मां के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए है। मंदिरों के आसपास सुरक्षा के लिए पुलिस और पीएसी के जवान लगाए गए थे। वहीं मंदिरों के आसपास पूजन सामग्रियों की दुकान भी सजी रही जहां से लोगों ने खरीदारी की और मां का पूजन अर्चन किया।

### 233.20 करोड़ के 303 विकास कार्यों का सीएम ने किया शिलान्यास व लोकार्पण, कहा-

# स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की महत्ती भूमिका

■ कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट के लिए नगर निगम व एनटीपीसी के बीच हुआ एमओयू

केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन गोरखपुर महानगर को 233.20 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान उनके समक्ष नगर निगम व एनटीपीसी के मध्य कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू भी हुआ। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 303 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण समारोह एवं एमओयू आदान प्रदान समारोह में कहा कि नगरीय विकास आज की आवश्यकता है। भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नगरीय विकास की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इससे लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ तो मिलेगा ही, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना भी बढ़ेगी।

रविवार पूर्वाह्न नगर निगम परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 189 विकास कार्यों का शिलान्यास व 114 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके समक्ष नगर निगम एवं नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन के बीच कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान प्रदान भी हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की महती भूमिका है। गोरखपुर नगर निगम ने एनटीपीसी के सहयोग से इस दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। एनटीपीसी की तरफ से प्लांट लग जाने के बाद नगर निकायों का कूड़ा चारकोल के रूप में बिजली उत्पादन का साधन बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय विकास के क्षेत्र में अनियोजित और अवैज्ञानिक विकास की सोच ने बड़ी समस्या खड़ी कर दी थी। जगह जगह कूड़े का पहाड़ दिखता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ने इस समस्या के निदान में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन किया है।

**शहर के इंट्री पॉइंट पर अब नहीं दिखेगा कूड़ा :** सीएम ने कहा कि सॉलिड वेस्ट का उचित प्रबंधन न होने से कूड़ा ऐसे ही यहां-वहां फेंक दिया जाता था। शहर के इंट्री पॉइंट पर कूड़े के ढेर के दर्शन होते थे। इससे सिटी के विकास पर पानी फिरता दिखता था। अब ऐसा प्लांट लगने जा रहा है जहां कूड़े से चारकोल, सीएनजी का उत्पादन होगा। एनटीपीसी के इस प्लांट से नगर निगम को 25 सालों में 600 करोड़ रुपये की बचत होगी। बचत के इस रुपये का उपयोग विकास के कार्यों में होगा।

### मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा गोरखपुर

सीएम योगी ने गोरखपुर के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि गोरखपुर नगरीय विकास के मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। सड़क, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी कार्यों के साथ बुजुर्गों के केयर सेंटर बन रहे हैं। मियावाकी पद्धति से एक लाख वर्गमीटर में सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है। सुरक्षा के लिए आईसीसीसी के माध्यम से हर चौराहे पर सीसी कैमरे से निगरानी हो रही है। इससे ट्रैफिक ऑटो मोड में चलने के साथ सुरक्षा से कोई खिलवाड़ भी नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने सखाद कारखाना, एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, रामगढ़ताल का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सब गोरखपुर को नई पहचान दे रहे हैं। गोरखपुर की सड़कें चार-छह लेन में विकसित हुई हैं और हो रही हैं। जबकि छह वर्ष पहले यहां लोग जाम में फंसते थे।

## दूसरे चरण की नई रेल लाइन के अंतिम गार्डर के लांचिंग का कार्य पूर्ण



केटी न्यूज/गाजीपुर

सोनवल से घाट की ओर जाने वाली करीब सात किमी लंबी दूसरे चरण की नई रेल लाइन के रजागंज के पास पीलर संख्या -47 एवं 48 पर 23वें एवं अंतिम गार्डर की लांचिंग का कार्य कड़ी सुरक्षा के बीच बीते देर रात करीब दो बजे ही मात्र तीन घंटे में समय से पहले सकुशल पूरा कर लिया गया। जबकि इसके लिए पांच घंटे का ब्लाक लिया गया था। इस दौरान इमरजेंसी व अन्य वाहन बगल से बनाए गए वैकल्पिक मार्ग से गुजरते रहे। लांचिंग का यह काम पूरा होने के बाद अब ईसीआर के तहत आने वाला सोनवल स्थित नया स्टेशन एवं एनईआर के तहत आने वाला अकरमपुर उर्फ बंजारीपुर के समीप घाट स्टेशन से जुड गया। जबकि इसके रेल वायडक्ट के 23 स्टैनो में से 20 की ढ़लाई पूरी हो चुकी है।

महकमे के अनुसार शहर से होकर घाट की ओर जाने वाले करीब 800 मीटर लंबे रेल वायडक्ट पर ही ट्रैक लिंकिंग का काम बचा है। इसके दोनों तरफ नई ट्रैक बिछाई जा चुकी है। अब इस पर पाथ-वे,ओएचई पोल व तार, सिग्नल एवं टेलीकॉम का काम भी बहुत कम बचा है।

## महिला सुरक्षा संबंधित संगोष्ठी का आयोजन

■ लोगों को जागरूक करते हुए बैंक संबंधित डिटेल किसी को न देने को कहा

केटी न्यूज/गाजीपुर



भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के कवला जखनियां प्राथमिक विद्यालय पर रविवार की दोपहर कोतवाल तारावती ने अपने बीट के सिपाहियों को लेकर महिला सुरक्षा सग्रोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कोतवाल तारावती ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं को इसका सदैव एहसास होना चाहिए। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आस-पास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। इस दौरान वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सकीय सहायता 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जानकारी दी। उधर भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा के लिए सरकार सख्त है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना या असुरक्षित महसुस हो तो तत्काल पुलिस को याद करें। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ अपने अधिकार को जाने। किसी भी संकट में अपनी शिकायत को दर्ज कराएं। ग्राम प्रधान किरण देवी ने कहा कि बालिकाओं, शिक्षिकाओं व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076 ,112 सहित साइबर अपराध संबंधित मामले का तत्काल शिकायत दर्ज कराएं।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार में महिलाओं एवं बच्चियों पर होने वाले अपराध पर लगाम लगाने के लिए कमर कस लिया है। जिसके तहत मिशन शक्ति की शुरूआत हुई है। इस मौके पर प्रधान किरण देवी ,बीसी सखी सुमन भारती, रागिनी देवी, शीला देवी, प्रमिला देवी ,संगीता, जूही सहित महिला कांस्टेबल भी मौजूद रहीं।

### नवरात्र को लेकर मां कामाख्या धाम मंदिर में श्रद्धालु भक्तों की उमड़ी भीड़

# श्रृंगार आरती के बाद दर्शन- पूजन का सिलसिला शुरू

केटी न्यूज/गाजीपुर



यूपी-बिहार के सुप्रसिद्ध मां कामाख्या धाम मंदिर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन दर्शन- पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं द्वारा श्रृंगार आरती के दौरान दर्शन -पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर के महंत आकाश राज तिवारी ने बताया कि यहां यूपी-बिहार सहित दूर दराज से आए श्रद्धालुओं के द्वारा माता के दर्शन -पूजन करते हुए अपने मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की जाती है। बताया कि रविवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर करीब दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेकते हुए अपने मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां का आशीर्वाद लिया।

मंदिर परिसर में नारियल, चुनरी और फूलों की दुकान सज गई है। वहीं श्रृंगार के सामानों के भी दुकान बहुतायत मात्रा में लगी हुई हैं श्रद्धालुओं के द्वारा दर्शन पूजन के बाद मेले का भी लुफ्त उठाया जा रहा है। गौरतलाप हो कि शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र में पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ में से एक गहमर स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। आस्थावान पूरे नवरात्र मां का दर्शन पूजन करने के साथ उनका आशीर्वाद लेते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में मां के विभिन्न स्वरूपों की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। वही भदौरा के हनुमान व अन्य आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर आने जाने वाले भक्तों को स्टॉल लगाकर निशुल्क फल का वितरण प्रसाद के रूप में किया जा रहा था। पौराणिक कथाओं के अनुसार मानता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुरादे मां अवश्य पूरी करते हैं। नवरात्रि में सप्तमी की रात्रि 12:00 बजे महानिशा की आरती होती है जिसमें यूपी बिहार सहित दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। मान्यता है कि पुत्र प्राप्ति की कामना के लिए यहां जोड़ा नारियल चढ़ाने पर श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है।

### आस्था व विश्वास का केंद्र है मंदिर

एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर स्थित आदि शक्ति मां कामाख्या धाम पूर्वांचल के लोगों के आस्था एवं विश्वास का केंद्र है। शक्ति पीठों मेंअलग महत्व रखने वाला यह धाम अपने आप में तमाम पौराणिक इतिहास समेटे हुए है। कहां जाता है कि यहां जमदग्नि, विश्वामित्र सरीखे ऋषि-मुनियों का सत्संग समागम हुआ करता था। विश्वमित्र ने यहां एक महायज्ञ भी किया था। मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने यही से आगे बढ़कर बक्सर में ताड़का नामक राक्षसी का वध किया था। मंदिर की स्थापना के बारे में कहां जाता है कि पूर्व काल में फतेहपुर सिकरी में सिकरवार राजकुल पितामह खाबड़ जी महाराज ने कामगिरी पर्वत पर जाकर मां कामाख्या देवी की घोर तपस्या की थी और उनकी तपस्या से प्रसन्न मां कामाख्या ने कालांतर तक सिकरवार वंश की रक्षा करने का वरदान दिया था। वर्ष 1840 तक मंदिर में खंडित मूर्तियों की ही पूजा होती रही। 1841 में गहमर के ही एक स्वर्णकार तेजमन ने मनोकामना पूरी होने के बाद इस मंदिर के पुर्ननिर्माण का वीणा उठाया। वर्तमान समय में मां कामाख्या सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां मंदिर परिसर में स्थापित है। शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र में भक्तों में भीड़ उमड़ती है। ऐसी मान्यता है कि मां के दरबार से कोई भक्त खाली नहीं जाता।

## एक नजर

### नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़, चढ़ाए नारियल फूल



**गाजीपुर।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को नगर सहित ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। सभी भक्तजन दुर्गा माता, काली माता के मंदिरों में श्रद्धापूर्वक पूजापाठ करते दिखाई दिए। श्रद्धालु भक्तजनों की पूजापाठ एवं दर्शन आदि को सबसे अधिक जिस देवी माता के मंदिर में भारी भीड़ दिखाई दी उनमें माता महाकाली मंदिर यूसुफपुर, तहसील स्थित मनोकामना माता मंदिर, तिवारीपुर मोड़ स्थित दुर्गा माता एवं स्टेशन रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में देखी गई। सर्वप्रथम प्रथम दिन शक्ति स्वरूपा माता शैलपुत्री स्वरूप का माता रानी का श्रृंगार किया गया। भक्तजनों ने श्रद्धापूर्वक नारियल फूल माला प्रसाद चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की। यूसुफपुर स्थित माता महाकाली के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तगणों में दर्शन- पूजन करने की भीड़ लगी रही। माता महाकाली का दरबार एक बहुत ही बड़ा आस्था का केन्द्र है।

### खुशखबरी: राष्ट्रीय बास्केटबॉल के चयनकर्ता की टीम में खेल शिक्षिका अंजू का हुआ चयन



**चंदौली।** मुख्यालय स्थित जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज की खेल शिक्षिका अंजू कुमारी का चयन राष्ट्रीय बास्केट बाल टीम मे चयनकर्ता के रूप मे हुआ हैं। इसकी जानकारी होने पर विद्यालय परिवार के साथ -साथ पूरे जनपद के खिलाड़ियों ने अंजू कुमारी को को शुभकामनाएं दी। मुख्यालय स्थित जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में अंजू कुमारी खेल प्रवक्ता के रूप मे कार्यरत हैं तथा वें जनपद के जिला खेल समिति कि सम्मानित सदस्य भी हैं। इनके कुशल नेतृत्व मे विद्यालय के साथ-साथ जनपद के तमाम खिलाडी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग एवं सम्मानित हो चुके हैं। वही कुमारी अंजू खेल के साथ साथ स्काउट गाइड कि जिला संगठन आयुक्त भी हैं। जिसमे छात्राएं जनपद मंडल राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चैंपियन हो चुकी हैं और कुमारी अंजू आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को हमेशा सहयोग भी करती हैं। प्रदेश स्तर पर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 17 अक्टूबर तक अहिल्याबाई होलकर स्पोर्ट स्टेडियम अलीगढ मंडल मे आयोजित हो रही हैं। जिसमें अंजू कुमारी का भी चयन राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम के लिए चयनकर्ता के रूप मे हुइ हैं।दूरभाष पर अंजू कुमारी ने बताया कि जॉब बच्चे स्टेट लेवल बास्केटबॉल मे खेलने आये हैं उनका चयन अलीगढ मे हीं किया जायेगा

### मनबढ़ों ने धारदार हथियार से अधेड़ को मार पीट कर किया घायल, अस्पताल में इलाजरत

**चंदौली।** धीना थाना क्षेत्र के रैथा गांव में रविवार की दोपहर अपने खेत में विपक्षी द्वारा बालू ईट गिराने के विरोध के कारण मारपीट हो गई जिसमें एक अधेड़ बुरी तरह घायल हो गया धीना पुलिस मुकदमा दर्ज कर मेडिकल जांच हेतु भेज दी। रैथा निवासी राम भजन राम की पत्नी विद्यावती देवी के नाम मिले आवास को जो अपने खेत में बनवाने के लिए बालू ईंट बगल के खेत वाले हीरालाल के धान की फसल में गिरवा रहे थे, जिसका विरोध हीरालाल ने किया। बात बढ़ती गई तू तू मैं मैं गाली गलौज के बाद लाठी डंडे एवं धारदार हथियार का प्रयोग हुआ जिसमें हीरालाल के सिर एवं हाथ में गंभीर चोट आई जिससे पूर्व प्रधान के पुत्र हीरालाल को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया ।अधिक खून गिरने से वे वहीं बेहोश हो गिर गए ग्रामीणों की मदद से घायल हीरालाल को धीना थाने लहूलुहान हालत में ही ले जाया गया इस संदर्भ में पूछने पर प्रभारी निरीक्षक धीना रमेश यादव ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा गाली गलौज एवं मारपीट का दर्ज कर लिया गया है मेडिकल जांच हेतु चिकित्सालय भेज दिया गया है।

### महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

**चंदौली।** शासन के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरूक करने करने के लिए चलाए जा रहे। नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत रविवार को मिशन शक्ति-चतुर्थ चरण के क्रम में चन्दौली पुलिस के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों (शक्ति दीदी) एवं महिला सुरक्षा विशेष दल ने गाँवों, बाजार, कस्बा, शिक्षण संस्थानों सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जन चौपाल लगाकर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया। साथ ही विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अधिकारियों थानों के सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं बालिकाओं को बताया कि शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना महिला सुरक्षा विशेष दल व पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं बालिकाओं के लिए चलाये जा रहे। नम्बरों पर बेझिझक कॉल करें। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाता है। सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा सहायता के लिए महिला हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत। समस्या सुना जाता है। तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

### यूनियन बैंक ने लोगों को लोन देकर, एक हजार लोन का आंकड़ा किया पार



**पीडीडीयू नगर।** यूनियन बैंक आफ इंडिया की अलीनगर शाखा ने 1000 (हजार) पी.एम. स्वानिधि लोन देने पर संगोष्ठी आयोजित की। यूबीआई की अलीनगर शाखा में अगस्त माह में सूक्ष्म ऋण केन्द्र (पीएमसी मइक्रो प्रोसेसिंग सेंटर) खोला गया था। शाखा में कुल 475 पीएमएसवीएन लोन थे। पीएमसी के अंतर्गत यूनियन बैंक ने (फीनो) के साथ मिलकर प्रधानमंत्री स्वानिधी लोन देने में खासा तेजी दिखाई और मात्र 68 दिनों में 526 लोन देकर 1000 लोन का जुदाई आंकड़ा पार किया और एक कीर्तिमान स्थापित किया। जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी जन-कल्याण योजना को आगे बढाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कीर्तिमान स्थापित करने पर अलीनगर शाखा प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने अपने कर्मचारियों के साथ हजारवीं खाताधारक विंदु देवी के हाथो केक काटकर खुशी जाहिर किया।